राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण गुरुवार, 2 दिसंबर-2021 वर्ष-4,अंक-309 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## पहला कॉलम

### शादी की 30वीं सालगिरह की बधाई, तुमने मुझे पूरा किया सीमा:पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल की आज शादी की 30वीं सालगिरह है। इस खास मौके पर केंद्रीय मंत्री ने अपनी पत्नी सीमा के लिए स्पेशल मैसेज लिखा है। केंद्रीय मंत्री ने ट्विटर पर अपनी पत्नी के साथ दो खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर उनकी शादी की है। इन तस्वीरों के साथ पीयूष गोयल ने कैप्शन दिया- शादी की 30वीं सालगिरह की बधाई, तुमने मुझे पूरा किया है सीमा। सोशल मीडिया पर नेता और यूजर्स पीयूष गोयल को बधाइयां दे रहे हैं। मोदी सरकार 2.0 में पीयूष गोयल इस बार कपड़ा मंत्रालय के साथ ही खाद्य एवं आपूर्ति विभाग भी संभाल रहे हैं। 2019 में वे वित्त मंत्री और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री थे। पीयूष गोयल एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के बोर्ड में कार्य किया है। राजनेताओं के परिवार से संबंधित पीयूष गोयल की मां स्वर्गीय श्रीमती चंद्रकांता गोयल महाराष्ट्र की तीन बार की विधायक थीं और उनके पिता स्वर्गीय वेद प्रकाश गोयल अटल बिहारी वाजपेयी मंत्रिमंडल में शिपिंग के लिए केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्यरत थे।

### सरकार ने लोकसभा में बताया, उसके पास आंदोलन में मारे गए किसानों की संख्या की कोई जानकारी नहीं

**नई दिल्ली।**

कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे आंदोलन में किसी भी किसान की मौत नहीं हुई है।इसकी जानकारी कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में लिखित जवाब में दी। तोमर ने कहा, कृषि मंत्रालय के पास किसान आंदोलन की वजह से किसी किसान की मौत का कोई रिकॉर्ड नहीं है।इसके बाद मृतक किसानों के परिजनों को मुआवजे का कोई सवाल ही नहीं उठता।दरअसल, सरकार से लोकसभा में पूछा गया था कि क्या सरकार के पास कोई डाटा है कि कितने किसानों की आंदोलन के दौरान मौत हुई है, क्या सरकार आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा देगी।अगर ऐसा है,तब इसकी सरकार विस्तृत जानकारी दे, अगर नहीं है, तब सरकार इसकी वजह बताए। इसके अलावा सरकार से पूछा गया था कि क्या सरकार ने कृषि कानूनों का विरोध कर रहे किसानों से बातचीत के लिए क्या कदम उठाए हैं, अगर उठाए हैं, तो क्या हैं, नहीं उठाए तब क्या वजह है? सरकार से पूछा गया था कि क्या सरकार ने जो कृषि कानून लागू किए थे, उन्हें ही वापस लिया।अगर हां तो जानकारी दें। कृषि मंत्री ने कहा, सरकार लगातार सक्रिय रूप से आंदोलन कर रहे किसानों से बातचीत कर रही है।ताकि आंदोलन खत्म किया जा सके।इसके लिए सरकार और आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के बीच 11 स्तर की बातचीत भी हुई।

### इकॉनोमी ने पकड़ी गति, जीएसटी कनेक्शन 1.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक

**नई दिल्ली।** कोरोना काल में इकॉनोमी में कामकाज फिर से बढ़ने लगा है। तभी बीते नवंबर में वस्तु और सेवा कर का कलेक्शन बढ़कर 1.31 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।जो एक साल पहले की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। जुलाई 2017 में लागू होने के बाद से यह दूसरा सबसे अधिक संग्रह है। इससे ज्यादा वसूली इस साल अप्रैल में हुई थी। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि नवंबर महीने में एकत्रित कुल जीएसटी (जीएसटी) राजस्व 1,31,526 करोड़ रुपये है। इसमें सीजीएसटी 23,978 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 31,127 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 66,815 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 32,165 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 9,606 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 653 करोड़ रुपये सहित) है। 2021 के नवंबर महीने के लिए जीएसटी वसूली नवंबर 2020 की तुलना में 25 फीसदी अधिक है। यदि नवंबर 2019 में आए राजस्व से तुलना करने पर यहां 27 फीसदी अधिक है।मंत्रालय ने कहा, नवंबर 2021 के लिए जीएसटी राजस्व की शुरुआत के बाद से दूसरा सबसे अधिक है। यह पिछले महीने के संग्रह से अधिक है। यह आर्थिक सुधार की प्रवृत्ति के अनुरूप है।अक्टूबर 2021 में, जीएसटी संग्रह 1,30,127 करोड़ रुपये था, जबकि अप्रैल 2021 में यह 1.41 लाख करोड़ रुपये से अधिक था।

# सऊदी अरब और दक्षिण कोरिया तक ओमिक्रान की दस्तक

## डेल्टा वैरिएंट को पीछे छोड़ देगा यह वायरस, विशेषज्ञों ने किया आगाह

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।**

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान ने दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब में दस्तक दे दी है। दोनों ही मुल्कों में इस वैरिएंट का पहला केस सामने आया है। इसको लेकर नित नए खुलासे हो रहे हैं। इसको लेकर डब्ल्यूएचओ भी चिंता जाहिर कर चुका है। अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इसको डेल्टा वैरिएंट से भी खतरनाक बताया है। दक्षिण अफ्रीका के संचारी रोग संस्थान के निदेशक का कहना है कि इस बात की प्रबल संभावना है कि यह कोरोना के सबसे संक्रामक डेल्टा वैरिएंट को भी पीछे छोड़ देगा। दक्षिण अफ्रीका के नेशनल इंस्टीट्यूट फार कम्युनिके बल डिजीज (NICD) के कार्यकारी कार्यकारी निदेशक एड्रियन प्योरन ने कहा है कि यह हमेशा से सवाल रहा है कि क्या यह डेल्टा वैरिएंट को पीछे छोड़ देगा? अब तक हमने देखा है कि ट्रांसमिशन के मामले में शायद यह स्पेशल वैरिएंट है। यदि यह वैरिएंट डेल्टा की तुलना में अधिक तेजी के साथ फैलता है तो इससे संक्रमण में तेजी से बढ़ोतरी हो सकती है। यही नहीं इसके संक्रमण के चलते अस्पतालों पर दबाव बढ़ सकता है। एड्रियन प्योरन ने आगे कहा कि वैसे वैज्ञानिक चार हफ्ते में पता लगा लेंगे कि यह वैरिएंट कितना खतरनाक है और अभी तक उपलब्ध वैक्सीन क्या इसके लिए प्रभावी हैं।

दक्षिण अफ्रीकी विशेषज्ञों के मुताबिक ओमिक्रान से संक्रमित रोगियों में हल्के लक्षण पैदा होते हैं। इन लक्षणों में सूखी खांसी, बुखार और रात को पसीना आना शामिल है। कोरोना मरीजों में नए वैरिएंट के बारे में सबसे पहले संदेह जाहिर करने वाली डा. एंजेलिक कोएत्जी ने बताया कि उन्होंने 18 नवंबर को पहली बार अपनी क्लीनिक पर सात ऐसे मरीज देखे जो डेल्टा से इतर किसी नए स्ट्रेन से ग्रसित लग रहे थे। इन मरीजों में संक्रमण के बहुत हल्के लक्षण मौजूद थे। सनद रहे कि डब्ल्यूएचओ पहले ही आगाह कर चुका है कि ओमिक्रोन पूरी दुनिया में फैल सकता है। ओमिक्रोन में स्पाइक प्रोटीन वाले हिस्से में बहुत ज्यादा म्युटेशन हुए है जिसकी वजह से कुछ क्षेत्रों में गंभीर नतीजे हो सकते हैं।

## पीएम मोदी ने बीएसएफ के स्थापना दिवस पर बल के जवानों को दी बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्थापना दिवस के अवसर पर इस अर्धसैनिक बल के कर्मियों को बधाई दी और देश की सुरक्षा के साथ ही आपदा व संकट की घड़ी में उसके योगदान की सराहना की। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा स्थापना दिवस पर मैं बीएसएफ परिवार को बधाई देता हूं। साहस और पेशेवराना अंदाज के लिए बीएसएफ का व्यापक सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा भारत की सुरक्षा में बीएसएफ का महत्वपूर्ण योगदान है और वह आपदा व संकट की घड़ी में भी कई मानवीय कार्यों में आगे रहता है। बीएसएफ की स्थापना वर्ष 1965 में भारत की सीमाओं की रक्षा और अन्तरराष्ट्रीय अपराध को रोकने के लिए की गई थी। यह बल केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है। बांग्लादेश की आज़ादी में 'सीमा सुरक्षा बल' की अहम भूमिका अविस्मरणीय है। बीएसएफ, दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है जो पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ लगती भारत की 6386.36 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करता है। अपनी स्थापना दिवस के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल ने राष्ट्र के लिए दायित्व और अपने आदर्श वाक्य 'जीवन पर्यंत कर्तव्य' के लिए प्रतिबद्धता को दोहराया है।

## तीसरे दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ी राज्यसभा की कार्यवाही, सभापति की नसीहतों को विपक्ष ने किया नजरअंदाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

राज्यसभा में तीसरे दिन की कार्यवाही भी विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ गई। डैम सेफ्टी बिल पेश होने के बावजूद उस पर चर्चा नहीं हो सकी। सदन से निलंबित सदस्यों की बहाली की मांग पर बुधवार को भी विपक्ष अड़ा रहा। जबकि सरकार ने माफी मांग लेने और सदन को सुचारू रूप से चलने देने की सलाह दी। दोपहर बाद तीन बजे तक कई बार बाधित होने के बाद सदन को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया।सुबह सदन की बैठक शुरू होने के साथ ही विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाथों में प्लेकार्ड दिखाते हुए वेल में आकर शोर शराबा और नारेबाजी शुरू कर दी, जिसे देखते हुए सदन को पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सभापति एम. वेंकैया नायडू विपक्षी दलों को नसीहतें देते रहे, लेकिन हंगामा कर रहे सदस्यों ने उनकी नहीं सुनी। जबकि सभापति ने निलंबित सदस्यों के अमर्यादित आचरण का विस्तार से एक बार फिर जिक्र किया, जिन्होंने मानसून सत्र के आखिरी दिन सदन में जमकर धमाचौकड़ी की थी। नायडू ने हैरानी जताते हुए कहा कि जिन लोगों को अपने किए पर पछतावा होना चाहिए वे अब भी जिद पर अड़े हुए हैं। यह उचित नहीं है। सदन के वेल में आना, टेबल पर चढ़ना, कागज फेंकना, मंत्री के हाथ से कागज छीनना और चेयर को चुनौती देने जैसी हरकतें असंसदीय और अलोकतांत्रिक हैं। इस पर भी उन्हें कोई पश्चाताप नहीं है, इस पर हम क्या कर सकते हैं।

## निलंबित सांसदों के लिए चॉकलेट, टॉफियां लेकर पहुंची जया बच्चन

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा से पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित 12 विपक्षी सांसद धरने पर बैठ गए हैं। वे संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने धरना दे रहे थे, तभी समाजवादी पार्टी की राज्यसभा सांसद जया बच्चन उनसे मिलने पहुंची। बच्चन अपने साथ चॉकलेट, टॉफियां लाई थीं जो उन्होंने प्रदर्शनकारी सांसदों में बांट दीं। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से उन्होंने मराठी में कहा, गोड-गोड खा नी गोड-गोड बोला... यानी अच्छा-अच्छा खाओ और अच्छा-अच्छा बोलो..। तृणमूल कांग्रेस की सांसद डोला सेन ने कहा कि उन्हें कुछ मीठा चाहिए तो जया ने दूसरी थैली आगे कर दी। संसद के मॉनसून सत्र के दौरान राज्यसभा में 'अशोभनीय आचरण' के लिए निलंबित 12 सांसदों ने कहा कि वे निलंबन रद्द होने तक विरोध प्रदर्शन जारी रखने वाले है। जिन सदस्यों को निलंबित किया गया है उनमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के इलामारम करीम, कांग्रेस की फूलों देवी नेताम, छाया वर्मा, रिपुन बोरा, राजमणि पटेल, सैयद नासिर हुसैन, अखिलेश प्रताप सिंह, तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन और शांता छेत्री, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विनय विस्वम शामिल हैं। ये सांसद बुधवार को संसद परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे। उनका कहना है कि जब तक निलंबन रद्द नहीं होगा, तब तक वे संसद की कार्यवाही के दौरान सुबह से शाम तक महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरने पर बैठे रहने वाले है। निलंबित सांसद और कांग्रेस नेता रिपुन बोरा ने कहा, निलंबन का फैसला अलोकतांत्रिक है। सरकार मनमाने ढंग से निलंबन का प्रस्ताव लेकर आई। इस निलंबन को रद्द किया जाना चाहिए। हम निलंबन रद्द होने तक अपना धरना जारी रखने वाले हैं।

## लोकसभा में भाजपा सांसद की मांग, समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कानून बने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए कानून लाने की मांग की। शून्यकाल में विषय को उठाकर भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि 1947 में धर्म के आधार पर देश का बंटवारा होने के बाद भी भारत धर्मनिरपेक्ष देश रहा है। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की व्यवस्था का उल्लेख कर कहा कि हम देश में आजादी के 75 साल बाद भी समान नागरिक संहिता लागू नहीं कर सके हैं।इसकारण अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए संसद में कानून बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि आज देश में किसान बड़ी परेशानी में हैं और पूरे देश में किसानों का ऋण माफ किया जाना चाहिए। भाजपा के सत्यदेव पचौरी ने सुप्रीम कोर्ट में हिंदी भाषा में वाद दाखिल करने की अनुमति देने की मांग केंद्र सरकार से की। भाजपा सांसद गणेश सिंह ने विशेषाधिकार हनन का विषय उठाकर दावा किया कि पिछले दिनों जब वह अपने संसदीय क्षेत्र सतना के गांव में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए, तब रैगांव विधानसभा सीट पर उपचुनाव में खड़ी कांग्रेस प्रत्याशी ने उन्हें वहां से चले जाने को कहा। सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी पर धमकाने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि वह एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और 30 अक्टूबर के उपचुनाव के संदर्भ में किसी तरह का चुनाव प्रचार नहीं कर रहे थे और ना ही उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम से उन्हें मानसिक रूप से आघात पहुंचा और यह उनके विशेषाधिकार का उल्लंघन है। सिंह ने कहा, जन प्रतिनिधि होने के नाते मेरा पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होना आचार संहिता का उल्लंघन नहीं था। इस नोटिस पर नियम 227 के तहत संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए।'' भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी ने सर्दियों के मौसम में उत्तर भारत के हवाई अड्डों पर कम दृश्यता की वजह से विमानों के परिचालन में होने वाली देरी का उल्लेख करते हुए देश में और विशेष रूप से पटना शहर में एक और ग्रीन फील्ड हवाई अड्डे के निर्माण की मांग उठाई।

## राज्यसभा से निलंबित सांसदों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को लोकसभा में कांग्रेस पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रदर्शन के दौरान किसानों की मौत के मामले को उठाया।सत्र के शुरू होने के बाद हंगामा इतना ज्यादा हुआ कि सभापति को सत्र स्थगित करना पड़ा। लेकिन इस दिन संसद के अंदर ही सिर्फ हंगामा नहीं हुआ बल्कि संसद परिसर में भी विपक्षी सांसदों ने जमकर प्रदर्शन किया। अपनी निलंबन वापसी की मांग को लेकर राज्यसभा सासंद संसद परिसर में ही बने महात्मा गांधी की मूर्ति के नीचे धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। तृणमूल कांग्रेस की निलंबित राज्यसभा सांसद डोला सेन और शांता चेत्री के अलावा बुधवार को अन्य सभी निलंबित सांसद संसद परिसर में अपने निलंबन के खिलाफ धरना प्रदर्शन पर बैठ गए। सूत्रों के मुताबिक दोनों सांसद सत्र के दौरान हर रोज सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक धरने पर बैठेंगी। यह धरना सोमवार से लेकर शुक्रवार तक चलेगा। टीएमसी सांसद डोला सेन ने कहा, 'सांसदों का निलंबन उनके घमंड को दिखाता है जो बहुमत में है। जब वहां विपक्ष में थें, तब वहां लोग भी संसद की कार्यवाही को बाधित करने का काम करते थे। जब तक हमें न्याय नहीं मिलता हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे सांसदों को समर्थन देने पहुंचे। राहुल गांधी के साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य कई नेता भी नजर आए। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा,हम यह मांग करते हैं कि राज्यसभा के निलंबित सभी 12 सांसदों का निलंबन वापस लिया जाए। हम एक बैठक कर आगे की रणनीति तय करने वाले है।

### संयुक्त किसान मोर्चा की बुधवार को होने वाली बैठक रदद

## किसानों संगठनों में मतभेद, टिकैत आंदोलन को राजी, पंजाब के कई किसान संगठन वापस लौट रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत का कहना है कि एमएसपी गारंटी कानून, बिजली कानून सहित कई मामलों पर केंद्र सरकार राजी नहीं होती है, तब तक आंदोलन चलाता रहेगा, लेकिन उनकी राय को लेकर किसान संगठनों में ही मतभेद दिख रहे हैं। एक तरफ पंजाब के कई किसान संगठनों ने घर वापसी की बात कहकर आज होने वाली 40 संगठनों की मीटिंग भी रद्द कर दी है।4 दिसंबर को संयुक्त किसान मोर्चा की मीटिंग होनी है,इसमें आगे की रणनीति को लेकर कोई फैसला होगा। लेकिन इस बीच बड़ी संख्या में सिंघु बॉर्डर और गाजीपुर बॉर्डर से किसान जाते दिख रहे हैं। किसानों की संख्या दोनों मोर्चों पर कम हो रही है।

संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक रद्द होने के सवाल पर सवाल पर राकेश टिकैत ने कहा, बैठक 4 दिसंबर को होनी है। आज की बैठक किसान संगठनों के बीच की थी। उन्होंने कहा कि चूंकि सरकार ने अभी तक सारी मांगे नहीं मानी हैं,इसकारण आंदोलन जारी रहेगा।उधर, मंगलवार को किसान नेताओं ने दावा किया कि केंद्र सरकार ने एमएसपी से संबंधित मसले पर बात करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा से पांच प्रतिनिधियों के नाम मांगे हैं। किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि 5 नामों को लेकर हमारे पास फोन आया था, सरकार ने एमएसपी से संबंधित मसले पर बात करने के लिए पांच प्रतिनिधियों के नाम मांगे हैं।

दर्शनपाल ने बताया कि इन 5 नामों को लेकर 4 दिसंबर को फैसला होगा। बता दें कि संयुक्त किसान मोर्चा, 40 से अधिक किसान संगठनों की एक संयुक्त शाखा है, जो कि एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी सहित तीन कृषि कानूनों और उनकी अन्य मांगों के खिलाफ किसानों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है। इतना ही नहीं सिंघु बॉर्डर पर बीते एक साल से चल रहा लंगर बंद हो गया है।लंगर गुरुद्वारा साहिब रिवरसाइड कैलिफोर्निया, अमेरिका द्वारा आयोजित हो रहा था।लंगर के आयोजकों ने अपना सामान पैक कर पंजाब लौट गए हैं।5 ट्रकों में सामान भरकर ये लोग लौट गए।लंगर की संचालन समिति से जुड़े हरप्रीत सिंह ने कहा कि लंगर की शुरुआत 1 दिसंबर 2020 से ही हो गई थी, जब आंदोलनकारियों को सिंघु बॉर्डर पर पहुंचे 5 दिन ही हुए थे।हम लोगों ने पंजाब वापस लौटने का फैसला लिया है। लेकिन यदि आंदोलनकारी किसान वापस आते हैं और लंगर सेवा की जरूरत होती है,तब हम फिर से वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि सिंघु बॉर्डर पर लंगर के लिए 27 वर्कर्स को हायर किया था। इसके अलावा बड़ी संख्या में वॉलंटियर्स भी इस काम में लगे थे। अब किसानों ने जीत हासिल कर ली है,तब हम लोगों ने जगहों पर जाने का फैसला लिया है, जहां लोगों को लंगर सेवा की जरूरत है। इसके अलावा एक और लंगर अब बंद हो गया है और आयोजक पंजाब निकलने की तैयारी में हैं। हालांकि अब भी ऐसी कई लंगर कमेटियां हैं, जो आंदोलन जारी रहने तक दिल्ली की सीमाओं पर डटे रहने की बात कर रही हैं।लंगर कमेटियों के पंजाब लौटने से इस बात का संकेत मिलता है कि दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनकारियों की संख्या में कमी आ गई है और लोग धीरे-धीरे वापस लौट रहे हैं।

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

समस्या आपकी हमें भेजे
अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180
या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

**सुविचार** क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। - प्रेमचंद

## संपादकीय

### दूसरी पारी आधा सफर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने जब अपनी दूसरी पारी का आधा सफर पूरा कर लिया है, तब इस पड़ताल का यह बिल्कुल मुफीद वक्त है कि देश की उम्मीदों पर यह सरकार कितनी खरी उतरी और शेष बचे समय में इससे क्या अपेक्षाएं रहेंगी! इसमें कोई दोराय नहीं कि प्रचंड बहुमत के साथ मई 2019 में सत्ता में वापसी करने वाली मोदी सरकार का आत्मविश्वास शुरुआती महीनों में चरम पर था और उसने कई ऐसे काम किए, जो इतिहास में दर्ज किए जाएंगे। खासकर, जम्मू-कश्मीर के सांविधानिक दर्जे में तब्दीली और अनुच्छेद-370 की समाप्ति का साहसिक फैसला! इसी तरह, दशकों से लटके राम जन्मभूमि विवाद में भी नई सरकार ने अतिरिक्त सक्रियता दिखाई और अंतत- इसका न्यायिक निपटारा संभव हुआ। सांप्रदायिक सौहार्द के माहौल में भव्य राममंदिर का शिलान्यास भी इस सरकार की उपलब्धियों में दर्ज हुआ। जिस गति से सरकार कदम उठाए जा रही थी, ऐसा लगने लगा था कि दूसरी पारी के आधे वक्त में ही वह अपने घोषणापत्र के शायद सारे वादे पूरे कर देगी, हालांकि दिल्ली दंगे व सीएए के खिलाफ शाहीन बाग प्रदर्शन जैसी कुछ चुनौतियां भी उसके सामने आईं, लेकिन उसकी रफ्तार में सबसे बड़ी बाधा के रूप में मार्च 2020 में कोरोना महामारी आई। हालांकि, यह एक वैश्विक समस्या थी औरपूरी दुनिया में विकास का पहिया थम-सा गया था, लेकिन एक विशाल आबादी वाले देश के नाते अन्य देशों के मुकाबले भारत के लिए यह कहीं बड़ी चुनौती बनकर आई। आजाद भारत की किसी सरकार का साबका ऐसी चुनौती से नहीं पड़ा था। जाहिर है, ऐसे ही मौकों पर देश के राजनीतिक नेतृत्व की परीक्षा भी होती है। प्रधानमंत्री मोदी इस विषम समय में एक तरफ देशवासियों को धैर्य की डोर थामे रहने के लिए प्रेरित करते रहे, तो दूसरी ओर सरकार ने लगभग 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त राशन मुहैया कराने का फैसला किया। महामारी काल में जिस तरह से गरीबों की संख्या बढ़ी, इस एक फैसले से देश के हाशिये के लोगों को खास तौर पर बड़ी राहत मिली है। बड़े पैमाने पर टीकाकरण ने भी लोगों के भरोसे को मजबूत किया। इस आधे सफर के जिस एक प्रकरण को यह सरकार कभी याद नहीं करना चाहेगी, वह निस्संदेह तीन कृषि कानूनों और किसान आंदोलन से जुड़ा है। अब जब ये कानून निरस्त हो चुके हैं, तब किसानों से अन्य मसलों पर भी उसे बात करनी चाहिए। यही लोकतंत्र का तकाजा भी है। बहरहाल, अब जो शेष आधा कार्यकाल बचा है, उसमें एनडीए सरकार के आगे सबसे बड़ी चुनौती रोजगार पैदा करने की होगी। चंद रोज पहले ही प्रकाशित एक सर्वे 'व्हाट वरीज द वर्ल्ड' ने इस वक्त देश की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी बताई है। लगभग 44 प्रतिशत भारतीयों ने इसे सबसे बड़ी समस्या के रूप में दर्ज किया है। इसलिए सरकार को इस मोर्चे पर गंभीर प्रयास करने पड़ेंगे, क्योंकि उसके पास अब कम वक्त है। उसके हक में अच्छी बात यह है कि अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौट रही है। मार्च 2021 में अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी 'मूडीज' ने भारत की अर्थव्यवस्था को नकारात्मक श्रेणी में रखा था, उसने अब अपनी रैंकिंग में सुधार करते हुए इसे उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करने वाली इकोनॉमी कहा है। सरकार को इस उम्मीद को थामे अब आगे बढ़ना है।

## आज के कार्टून

## ब्रह्मांड

**जग्गी वासुदेव/** अधिकतर लोग अपना सारा जीवन बस शरीर की मजबूरियां को पूरा करने में ही गुजार देते हैं- क्या खाना है, कहां सोना है, किसके साथ सोना है..ये सब सिर्फ शरीर की बाध्यताओं के बारे में सोचने की बात है। शरीर की मजबूरियां हैं, आप उन्हें नकार नहीं सकते पर अपने जीवन के इस आयाम के लिए आप अपना कितना समय, अपनी कितनी ऊर्जा लगाना चाहते हैं? मैं चाहता हूं कि आप इसे खुले मन से देखें। मेरी रु चि आप के जीवन के किसी भी भाग को बदसूरत या बेकार कहने में नहीं है, पर समस्या ये है, कि अपने जीवन के हर क्षण में, आप मृत्यु के निकट जा रहे हैं। जीवन एक सीमित समय है। इस कारण से इस प्रश्न पर विचार करना आवश्यक है, कि आप अपने जीवन का कितना समय, कितनी ऊर्जा अपनी शारीरिक और मनोवैज्ञानिक बाध्यताओं को पूरा करने में लगाते हैं? यदि आप प्रकृति की मूल शक्तियों के साथ तालमेल में हुए बिना, अपने शरीर और मन की बाध्यताओं को कम करने का प्रयास करेंगे तो ऐसा लगेगा कि आप हर चीज का त्याग कर रहे हैं, बलिदान कर रहे हैं। ये संन्यास नहीं है। संन्यास का अर्थ ये है कि आप जागरूकता के साथ यह तय करते हैं कि आप अपनी शारीरिक बाध्यताओं में कम से कम समय लगाएंगे। ये बुद्धि के एक खास आयाम से होता है। ये त्याग नहीं है, न बलिदान है, न जीवन को छोड़ देना है। वास्तव में, संन्यास पूरी तरह से जीवन के पक्ष में है। क्योंकि आप उस जीवन के पक्ष में हैं, जो आप खुद हैं, न कि इस शरीर या मन के पक्ष में, जिन्हें आपने इकट्ठा किया है। आप कल संन्यासी नहीं बनने वाले और मैं आप को संन्यासी बनाना भी नहीं चाहता। महत्त्वपूर्ण बात है अपने जीवन को बेहतर बनाना। आप के चारों ओर जीवन के जो प्राकृतिक चक्र हैं, उनके साथ अपने जीवन को तालमेल में लाना अहम है। साथ ही जीवन को पृथ्वी के तालमेल में लाना, जिसने जीवन को वैसा बनाया है जैसे वह है, यह महत्त्वपूर्ण है। हमने आप को यौगिक क्रियायें इसलिए सिखायी हैं कि आप समभाव की एक खास अवस्था में आ जाएं, आप भीतरी तालमेल की एक खास अवस्था में रह सकें। यौगिक क्रियायें करने का लाभ ये होना चाहिए कि आप पानी, हवा, भोजन, अग्नि, गर्मजोशी और निश्चित रूप से जीवित ऊर्जा जैसे सभी तत्वों के साथ पूरी तरह से तालमेल रख सकें।

# तीन कृषि कानून वापस लेने की घोषणा

**- अशोक मधुप**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानून वापस लेने की घोषणा ही नहीं की अपितु अपनी चतुरता से बड़ा खेल खेल दिया। उन्होंने विपक्षी दलों के साथ से जहां बड़ा मुद्दा छीन लिया, वहीं ये बताने में कामयाब हो रहे हैं कि ये आंदोलन कृषि कानून के खिलाफ नहीं था। कृषि कानून वापसी तो एक बहाना है, एजेंडा तो वास्तव में कुछ और ही है। इसके पीछे खेल कुछ और ही है। केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल से चले आंदोलन में सब कुछ झेला। प्रदर्शन के नाम पर 26 जनवरी को लालकिले पर हंगामा बर्दाश्त किया। पुलिस वालों के साथ मारपीट, उन पर हमला झेला पर किसानों पर गोली नहीं चलाई। कृषि कानून की वापसी पर देश से माफी भी मांगी। आंदोलनकारी किसान नेता शुरू से चाहते ही हैं कि सरकार उन पर सख्ती करे। लाठी चलवाए, गोली चलवाए। वह सरकार को किसान विरोधी सिद्ध करना चाहते थे, किंतु सरकार ने हद दर्जे की सहनशीलता का परिचय दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आचरण इस मामले में सबकी आशा के विपरीत था। उन्होंने आंदोलनकारियों पर सख्ती नहीं की। दिल्ली बॉर्डर पर आंदोलन करने वाले किसानों और किसान संगठनों की अब तक एक ही मांग थी कि सरकार तीनों कृषि कानून वापस ले। सरकार ने उन्हें वार्ता के लिए बुलाया। इसके लाभ भी बताने चाहे पर किसान नेता इसे मानने को तैयार नहीं थे। उनसे आपत्ति मांगी। उन्होंने वह भी नहीं बताईं। सिर्फ एक ही रट लगाए रखी। तीनों कृषि कानून वापिस हों। विपक्षी दल को कुछ और मुद्दा नहीं मिल रहा था, सो उन्होंने इसी को उभारने में भलाई समझी। उन्होंने कृषि कानून वापस लेने के आंदोलन को हवा देनी शुरू कर दी। कोई न उनसे ये पूछ रहा है कि जब ये बिल संसद में पास हो रहे थे, तब विरोध क्यों नहीं किया? वहां चुप्पी क्यों साधे रखी? तब आप कहां थे, वे भी इसका जवाब देने को तैयार नहीं हैं। सिर्फ अच्छा हो या बुरा उनका काम बस विरोध करना ही है। सो विरोध कर रहे हैं। किसान कानून वापस हो गए। सरकार पीछे हट गई। सर्वोच्च न्यायालय ने हालांकि इन तीनों कृषि कानून पर रोक लगा रखी थी। उसने कहा भी कि जब हमने तीनों कृषि कानून पर रोक लगा रखी है, तो फिर दिल्ली के रास्ते जाम क्यों कर रखे हैं? उस समय किसान नेताओं ने कहा था कि रास्ते उन्होंने नहीं, सरकार ने रोक रखे हैं। अब कृषि कानून वापस हो गए तब भी आंदोलन वहीं का वहीं है। रास्ते पहले भी बंद थे। अब भी बंद हैं। अब नई मांग निकल आई कि फसलों का न्यूनतम मूल्य निर्धारित हो। आंदोलन के दौरान मरने वाले 700 किसानों के परिवार को मुआवजा दो। विपक्ष ही नहीं भाजपा ने कुछ लोग भी इसे हवा दे रहे हैं। खुद भाजपा सांसद वरूण गांधी ने

मांग की कि आंदोलन के दौरान मरने वाले 700 किसानों में से प्रत्येक के परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा दिया जाए। प्रत्येक मरने वाले परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिले। वे यह नहीं जानते कि नौकरी तो किसी ने उनके परिवार के सदस्यों को भी नहीं दी जो देश की आजादी के लिए कुरबान हो गए। अब फसलों के न्यूनतम मूल्य के लिए कानून बनाने, आंदोलन में मरने वाले किसानों के परिवार को मुआवजा देने, मरने वाले प्रत्येक किसान के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, आंदोलन के दौरान मरने वाले किसानों का स्मारक बनाने, किसानों के बिजली के बिल माफ करने के साथ, पराली जलाने पर सजा का कानून खत्म करने के साथ और भी बहुत सारी मांग निकल आईं। इनमें एक मांग यह भी है कि सरकार उनकी मागों पर उनके साथ बैठकर वार्ता करे। इस समय जितने आंदोलनकारी हैं, उनसे ज्यादा मांग उठ खड़ी हुई है। विपक्ष के हाथ से कृषि कानून वापसी का मुद्दा निकल गया। पर आंदोलन अभी खड़ा है। आंदोलन खड़ा है तो विपक्ष उसे हवा दे रहा है। बसपा सुप्रीमो मायावती आंदोलन में मृतक किसानों को मुआवजा देने की मांग कर ही चुकी हैं, अन्य नेता भी इसी सुर में सुर मिला रहे हैं। दिल्ली विधानसभा में तो केजरीवाल सरकार ने आंदोलन के दौरान मृतक किसानों के परिवार को मुआवजा देने, एमएसपी पर कानून बनाने और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया। दिल्ली विधानसभा में पारित प्रस्ताव में आंदोलन के दौरान मरने वालों की संख्या 750 बताई गई है। अभी ये संख्या 700 थी। अब ये 750 हो गई। जल्दी ही बढ़कर एक हजार या इससे ज्यादा हो जाए तो कोई आश्चर्य नहीं। मजेदार बात यह है कि इस आंदोलन में अब तक सरकार ने जैसा संयम बरता, ऐसा कभी नहीं बरता गया। 26 जनवरी को लालाकिले पर हुए हंगामे और तिंरगे के साथ एक धार्मिक ध्वज लहराने की घटना के बाद भी सरकार ने संयम बरता। कहीं लाठी नहीं चली। कहीं गोली नहीं चली। फिर आंदोलन में 750 किसान मर गए। स्वयं भाजपा सांसद वरूण गांधी इनकी संख्या 700 बता चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में की गयी अपनी घोषणा के अनुरूप केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर ये प्रस्ताव पारित करा दिया कि सरकार 29 नवंबर से शुरू होने वाले सत्र में ये तीनों कृषि कानून वापस ले लेगी। सत्र के एजेंडे में ये प्रस्ताव भी आ गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा देश को बताना चाहते हैं कि वे अपनी घोषणा के प्रति ईमानदार हैं। वे किसान हितैषी हैं। ये चाहते तो आंदोलनकारी पर लाठी, गोली चलवा सकते थे। किंतु उन्होंने सब कुछ बर्दाश्त किया, पर ऐसा कुछ नहीं किया। अब तक के हालात से लगता है कि कृषि कानून संसद में वापस ले लिये जाने के बावजूद आंदोलन खत्म नहीं होगा, ये ऐसे ही चलेगा। किसान नेता घोषणा कर चुके हैं कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन ऐसे ही चलेगा। अब तक की मांग तीनों कृषि कानून वापस करना थी, वह पूरी हो गयी है। फिर भी आंदोलन चल रहा है। पराली जलाने पर सजा का कानून खत्म करने की घोषणा स्वयं कृषि मंत्री कर चुके हैं, फिर भी आंदोलन जारी है। अब क्या गारंटी है कि किसान नेताओं की बकाया मांग पूरी होने पर भी आंदोलन खत्म हो जाएगा? दरअसल इन आंदोलनकारियों का एजेंडा कुछ और ही है। कृषि कानून वापसी की मांग तो बहाना थी। उनका एजेंडा दूसरा ही है। आंदोलन करने वाले ये नेता तो सिर्फ टूल हैं। इनको चलाने वाली शक्ति कोई और ही है। कहीं और ही बैठी शक्ति इन्हें चला रही है और फंडिंग कर रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# अवगुण की संगति से घटती गुण महिमा

**दिनेश चमोला 'शैलेश'**

जीवन के विकास तथा व्यक्तित्व के निर्माण में परिवेश एवं सामाजिक स्थितियों की महती भूमिका होती है। जिस परिवेश में मनुष्य बचपन से जीवनयापन करता चलता है, संस्कारों से, उस उर्वरा भूमि से ही वह जहां कुछ न कुछ सीखता है, वहीं सक्षम होने पर कुछ न कुछ नैसर्गिक रूप से उसे गुणात्मक रूप में लौटाता भी रहता है। यह दुर्लभ जीवन, जहां क्षण-क्षण सहेज कर इसे नाना प्रकार के गुणात्मक पुष्पों से अलंकृत कर सजाता-संवारता रहता है, उसके समानांतर ही द्वेष का दैत्य इसके महत्व व वैभव को भंजित करने की घात लगाए बैठा रहता है। संगति अथवा कुसंगति का प्रभाव, मानवीय चरित्र के विकास व ह्रास की दिशा व दशा को सुधारने अथवा बिगाड़ने में पूर्ण रूप से सहायक होता है। संगति की किसी भी मनुष्य के जीवन-विकास अथवा जीवन-लक्ष्य निर्धारण में अपूर्व भूमिका होती है। जिस तरह की संगति में हम रहते हैं, वैसी ही गुणात्मकता अथवा निकृष्टता नैसर्गिक रूप से हमारे चरित्र को आच्छादित कर देती है और धीरे-धीरे हम उसके समकक्ष अथवा उसी शृंखला में अग्रिम स्थिति में आने या लक्ष्य पाने को उत्प्रेरित अथवा बाध्य हो जाते हैं। एक अवगुण, सौ गुणों के महत्व को भी धूल-धूसरित करने में देर नहीं लगाता। कलियुग में गुणात्मकता, पुण्य, सत्य व आदर्श का प्रसार जितनी धीमी गति से होता है, उसकी अपेक्षा असत्य, पाप, अवगुण व नकारात्मकता का प्रभुत्व, प्रभाव व प्रसार तीव्रतर गति से होता है। सत्य को सत्य सिद्ध करने के लिए एकमात्र सत्य ही होता है, जबकि एक असत्य, सत्य को असत्य सिद्ध करने के लिए सैकड़ों सत्यों की सप्रमाण रचना कर देता है। यह बात दीगर है कि अंततः सत्यमेव जयते यानी सत्य ही विजयी होता है। लेकिन यह अवश्य है कि अवगुण की संगति करने पर महिमा गुण की घटती है। संसार में अपात्र, अयोग्य व दुर्जन का संग करने से किसको हानि नहीं हुई है? कुसंगति के प्रभाव से जहां गुणात्मकता कलुषित होती है, वहीं असत्य व अवगुणों को सीना फुलाकर अन्यान्य मार्गों में आगे बढ़ने के अवसर मिल जाते हैं। इससे सत्य जहां कु-परिभाषित होकर झूठ के कठघरे में खड़े हो जाने के लिए बाध्य हो जाता है, वहीं असत्य एवं अवगुण को गरिमा, महत्व एवं उपादेयता की हांडी हाथ लग जाती है। जिस अनुपात में सज्जन के सत्संग से दुर्जन की गुणात्मकता का ग्राफ ऊपर की ओर बढ़ता है, उसी अनुपात में दुर्जन की संगति से सज्जन का चरित्र, व्यक्तित्व एवं गुणवत्ता क्रमशः कलंकित होती चली जाती है। कुसंगति, उस जोक की तरह है जो उनकी गुणात्मकता के लहू को सोख कर ही दम लेती है। ईश्वर, जीव के चरित्र, कर्म, चिंतन व संस्कारों के हिसाब से ही उसकी कोटि का निर्धारण करते हैं। यद्यपि हंस व कौआ दोनों जीव ही हैं किंतु विगत कर्मों की सकारात्मकता व नकारात्मकता ही उनके व्यक्तित्व को चारित्रिक दृष्टि से अलग-अलग रूप में परिभाषित करती है। दुर्जन व्यक्ति के चित्त का परिष्करण संभव नहीं है। किंतु सज्जन व्यक्ति सदैव चित्त व चिंतन की शुद्धि में विश्वास कर स्वयं को परिमार्जित व परिशुद्ध करता रहता है। कबीरदास कहते हैं :-

दाग जो लागा नील का, सौ मन साबुन धोय।
कोटि जतन पर बोधिये, काग हंस न होय॥

पापी, पाप करने के लिए अभिशप्त है; दुष्ट, दुष्टता के लिए और कृतघ्न, कृतघ्नता के लिए। इसलिए किसी की प्रकृति और प्रवृत्ति को, बिना उसकी जिज्ञासा, इच्छा व मनोवृत्ति के बदल पाना नितांत कठिन है। जीवन की दुर्लभता व समय की उपादेयता का लाभ उठाते हुए कुसंगति के दंश से सदैव बचना चाहिए क्योंकि नीच व्यक्ति का नीच कर्म से बाज आना संभव नहीं होता। कुसंगति के दुष्प्रभाव से किसका विनाश नहीं होता? नीचता ग्रहण करने से

बौद्धिक चातुर्य समाप्त हो जाता है। गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं :-

को न कुसंगति पाय नसाई।
रहै न नीच मते चतुराई॥

संस्कारों की दृढ़ता, व्यक्तित्व को अधिक निर्भय बनाती है। जितना जिसके सद्चिंतन एवं सत्कर्म में दम होगा, उतना ही उसका प्रभुत्व अपने पास-परिवेश पर अधिक होगा। फिर कुसंगति का दैत्य उसका बाल-बांका भी नहीं कर सकेगा। यही तो कवि रहीम भी कहते हैं :-

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग॥

इसीलिए, सज्जन व्यक्ति को दुर्जन की कुसंगति त्याग कर अपने सद्चिंतन एवं सत्कर्म के मार्ग पर दृढ़तापूर्वक अग्रसर होना चाहिए।

## सू-दोकू नवताल -1977

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

### सू-दोकू - 1976 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 X 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-1977



### बायें से दायें:-

1. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-2
2. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-2,3
6. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-2
7. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-3
8. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-2
10. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-3
11. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-3
14. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-2,2
16. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-2
17. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-3
19. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-3,2
23. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-3
24. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-3
25. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-2
26. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-4
27. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-2,2

### ऊपर से नीचे:-

1. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-3
2. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-2,3
3. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-3
4. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी ?-2,2
5. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी ?-3
9. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-2
12. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-3
13. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-3
14. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-2
15. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-3
18. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-2
19. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है ?-2
20. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-3
21. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-2,2
22. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-4
23. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-3

### फिल्म वर्ग पहेली-1976

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | मि | ल | न | की | बे | ला | | शा |
| गा | | ल | | र्गि | | ना | | मि | ली |
| ज | मी | न | | स | न | म | | | मा |
| | ना | | सु | | गी | | पिं | ज | र |
| ज | | प | र | वा | न | | | ल्ला | |
| ग | द | र | | स्त | | दो | ब | द | न |
| ल | | ख | | व | ध | | ल | | व |
| | क | | ना | | न | ग | मा | | रं |
| श | ह | जा | दा | | वा | | | रं | ग |
| | र | | न | या | न | शा | | भा | |

## इंडियन बैंक ने रिजर्व बैंक को 33 करोड़ की धोखाधड़ी की जानकारी दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सरकार के स्वामित्व वाले इंडियन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक को 33 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की जानकारी दी है। यह धोखाधड़ी उसके दो खातों से जुड़ी है जो गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) यानी फंसे कर्ज में बदल गए हैं। बैंक ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि दो गैर-निष्पादित ऋण खाते, राज इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट और कैप्रिकॉर्न फूड प्रोडक्ट्स इंडिया को जालसाज घोषित किया गया है और नियामकीय जरूरत के अनुरूप रिजर्व बैंक को इसकी जानकारी दे दी गई है। जहां कैप्रिकॉर्न फूड प्रोडक्ट्स ने कथित रूप से 22.36 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है, वहीं राज इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट के मामले में यह राशि 10.97 करोड़ रुपए है।

## जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित निवेश हो सकता है 51 हजार करोड़ के पार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के ओ खिरी तक केंद्र शासित क्षेत्र में प्रस्तावित निवेश के 51,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार भूमि उपयोग में बदलाव को नियंत्रित करने वाले नियम लेकर आ रही है ताकि निजी जमीन पर कारोबारी उद्यमों की स्थापना में आसानी हो। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में निवेश की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए औद्योगिक विकास योजना परिव्यय को बढ़ाया जा रहा है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि सिन्हा ने कोलकाता में उद्योग जगत प्रमुखों के साथ बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की और उन्हें केंद्र शासित क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

## रेहड़ी, पटरी विक्रेताओं का कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने प्रायोगिक चरण में खाने का सामान बेचने वाले रेहड़ी, पटरी वाले 2,500 विक्रेताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने कहा कि उसने इन विक्रेताओं को ई-कार्ट लाइसेंस के लिए योग्य बनाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम शुरू किया है। प्रायोगिक (पायलट) चरण के हिस्से के रूप में मंत्रालय पूर्वी दिल्ली के फुटकर विक्रेताओं का कौशल परीक्षण शुरू करेगा और उन्हें भोजन तैयार करने में स्वच्छता की स्थिति एवं विक्रय संबंधी आकर्षण में सुधार करने में मदद करेगा। इस पहल को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 3.0 के रिकॉग्निशन ऑफ प्रायर लर्निंग (आरपीएल) घटक के तहत लागू किया जाएगा।

## सरकार ने निवेश प्रोत्साहन योजना पांच साल बढ़ाई

**नई दिल्ली ।** सरकार ने निवेश प्रोत्साहन योजना (एसआईपी) को अगले पांच वर्षों के लिए भी जारी रखने का फैसला करते हुए उसके लिए 970 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी एक अधिसूचना में एसआईपी को वर्ष 2021 से लेकर 2026 तक बढ़ाने के फैसले को मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए 970 करोड़ रुपए की राशि भी आवंटित की गई है। इस योजना के तहत देश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई गतिविधियां आयोजित करने के साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) एवं क्षमता निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की भी कोशिश की जाती है। इस अधिसूचना के मुताबिक, योजना के विस्तार की अनुमति के साथ निवेश का लक्ष्य निर्धारण, परियोजना प्रबंधन गतिविधियों एवं विदेश यात्रा जैसे अहम घटकों का भी ध्यान रखा जाएगा।

# Cryptocurrency Ban की चिंताओं के बीच निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान-'सरकार जल्द क्रिप्टो पर बिल पेश करेगी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

Cryptocurrency Ban की चिंताओं के बीच आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा है कि सरकार जल्द ही क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बिल पेश करने जा रही है। वित्त मंत्री ने संसद में बताया कि क्रिप्टोकरेंसी को लेकर रेगुलेशन पर विस्तार में चर्चा की गई है। राज्यसभा में प्रशनकाल के दौरान निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह जोखिम वाला क्षेत्र है और पूरे रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में नहीं है।उन्होंने आगे बताया कि इसके विज्ञापन को बैन करने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। RBI और सेबी के जरिए जागरूकता फैलाने के लिए कदम उठाए गए हैं, वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार जल्द ही बिल पेश करेगी। क्रिप्टो के विज्ञापनों पर निर्मला सीतारण ने कहा कि यहां ASCI हैं, जो विज्ञापनों को नियंत्रित करती हैं। उन्होंने कहा कि इसके सभी नियमों को देखा जा रहा है। उन्होंने संसद में बताया कि सरकार जल्द बिल कैबिनेट से बिल पारित करने के बाद उसे लाएगी।

## एप्पल यूजर्स अब आईओएस 15.1 पर नहीं कर सकेंगे साइनिंग : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** टेक दिग्गज एप्पल ने आईओएस 15.1 पर साइनिंग करना बंद कर दिया है, जिसका अर्थ है कि जिन यूजर्स ने अपने डिवाइसेस को आईओएस 15.1.1 या आईओएस 15.2 बीटा में अपडेट किया है, वे अब आईओएस 15.1 पर डाउनग्रेड नहीं कर सकते हैं। 9टु5मैक के अनुसार, यह कंपनी द्वारा आईओएस 15.0.2 फर्मवेयर पर साइनिंग करना बंद करने के एक महीने बाद आया है। आईओएस 15.1 अक्टूबर के अंत में सभी उपयोगकताओं के लिए कुछ नई सुविधाओं के साथ जारी किया गया था, जिसमें वॉलेट ऐप में कोविड-19 टीकाकरण प्रमाणपत्र, फेसटाइम पर शेयरप्ले, आईफोन 13 प्रो यूजर्स के लिए प्रोरेस और बहुत कुछ शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपडेट में आईफोन 13 प्रो और आईफोन 13 प्रो मैक्स पर मैक्रो मोड को मैन्युअल रूप से अक्षम करने का विकल्प भी लाया गया है। कुछ हफ्ते बाद, एप्पल ने आईओएस 15.1.1 को कुछ बग्स को ठीक करने के लिए जारी किया जो आईफोन 13 यूजर्स को प्रभावित कर रहे थे। कंपनी के अनुसार, आईओएस 15 के पिछले वर्जन में एक बग है जिसके कारण फोन कॉल अप्रत्याशित रूप से बंद हो जाती है।

## एफडीए पैनल ने मर्क कंपनी की कोरोना दवा का समर्थन किया

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।**

अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) के पैनल मर्क कंपनी द्वारा बनाई गई कोरोना वायरस की एक दवा के लाभों का मामूली बहुमत से समर्थन किया है। इसके साथ ही संक्रमण का उपचार घर पर करने के लिए पहली दवा के आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिलने की संभावनाएं बढ़ गईं हैं। यूएसएफडीए के पैनल ने 10 के मुकाबले 13 मतों के बहुमत से इस दवा का समर्थन किया और गर्भवस्था में इस दवा के लेने पर बच्चे में जन्म के साथ विकृति आने की आंशका सहित प्रतिकूल प्रभाव पर इसका लाभ भारी पड़ा। दवा के लाभों और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर चली घंटों बहस के बाद पैनल ने यह मंजूरी दी है। इलाज में इस दवा को शामिल किए जाने के समर्थन में अपनी बात रखनेवाले विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि इस दवा का इस्तेमाल गर्भवती महिलाओं द्वारा न किया जाए और एफडीए इस दवा को किसी मरीज को दिए जाने से पहले अतिरिक्त एहतियात की सिफारिशें करे और खास तौर पर उन महिलाओं की गर्भावस्था की जांच की जाए, जो बच्चा पैदा करनेवाली उम्र में हों। दरअसल एफडीए पैनल की सिफारिशों को मानने के लिए बाध्य नहीं है और ऐसी संभावना है कि इस संबंध में साल के ओ खिरी तक वह अपना निर्णय लेगा। मर्क ने खास तौर पर कोविड-19 के नए स्वरूप पर इस दवा (मोलनुपिरवीर) का परीक्षण नहीं किया है लेकिन उसका कहना है कि कोरोना वायरस के अन्य स्वरूपों पर इसके प्रभाव के आधार पर इसमें इससे लड़ने की भी क्षमता होगी लेकिन इस अनिश्चितता पर पैनल के सदस्य सहमत नहीं हुए।

# मोबाइल एआई बनाने के लिए क्वालकॉम, गूगल क्लाउड ने किया सहयोग

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।**

चिप निर्माता क्वालकॉम और गूगल क्लाउड ने अगली पीढ़ी के मोबाइल एआई मॉडल और न्यूरल नेटवर्क समाधान बनाने के लिए एक सहयोग की घोषणा की है। गूगल क्लाउड का वर्टेक्स एआई एनएएस न्यूरल आर्किटेक्चर सर्च (एनएएस), पहले स्नैपड्रैगन 8 जेन 1 मोबाइल प्लेटफॉर्म पर और फिर क्वालकॉम पोर्टफोलियो पर उपलब्ध है। यह कंपनियों को मैन्युअल रूप से एआई मॉडल बनाने और अनुकूलित करने में सक्षम करेगा। क्वालकॉम के एआई इंजन के साथ संयुक्त होने के बाद, एनएएस का उपयोग क्वालकॉम के अनुसार, न्यूरल नेटवर्क के विकास और स्नैपड्रैगन मोबाइल, एसीपीसी, एक्सआर, स्नैपड्रैगन राइड ऑटोमोटिव प्लेटफॉर्म और आईओटी पहल में तेजी लाने के लिए किया जाएगा। क्वालकॉम के उत्पाद प्रबंधन के उपाध्यक्ष, ज़ियाद असगर ने कहा, एक संक्षिप्त समय सीमा में नए एआई मॉडल बनाने और अनुकूलित करने के लिए गूगल की एनएएस तकनीक का उपयोग करने की क्षमता हमारे व्यवसाय के लिए एक गेम चेंजर है। उन्होंने एक बयान में कहा, हम एनएएस पर गूगल क्लाउड के साथ काम करने वाली पहली चिपसेट कंपनी बनकर खुश हैं और इंटेलिजेंट एज को जोड़ने में अपनी गति को आगे बढ़ाने के लिए इस तकनीक को रोल आउट करने के लिए उत्सुक हैं। गूगल क्लाउड का वर्टेक्स एआई एनएएस क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज को मेमोरी और ऊर्जा दक्षता सुनिश्चित करने के साथ-साथ आईओटी, मेडिकल इमेजरी, ऑटोमोबाइल और मोबाइल उपकरणों जैसे कम-शक्ति वाले उपकरणों के लिए कम विलंबता के साथ उच्च सटीकता एआई लाने की क्षमता प्रदान करेगा। गूगल क्लाउड और क्लाउड एआई के उद्योग समाधान के उपाध्यक्ष जून यांग ने कहा, इस सहयोग के साथ, क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज अब महीनों के बजाय हफ्तों में नए एआई मॉडल का निर्माण और अनुकूलन करने में सक्षम होगी और हम स्नैपड्रैगन-संचालित उपकरणों का उपयोग करने वाले लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव से रोमांचित हैं। वार्षिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन टेक समिट के दौरान, कंपनी ने बेहतर कैमरा क्षमताओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अनुप्रयोगों और सुरक्षा संवर्धन की विशेषता वाले स्नैपड्रैगन 8 जेन 1 प्लेटफॉर्म का अनावरण किया है।

# एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपए बढ़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिसंबर के पहले दिन बुधवार को सरकारी तेल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोत्तरी की घोषणा की है। हालांकि राहत की बात यह है कि सरकारी तेल कंपनियों ने 14.2 किग्रा के बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की है। इसके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में 14.2 किग्रा बिना सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 899.50 रुपए बरकरार है। कोलकाता में 926 रुपए, मुंबई में 899.50 रुपए हैं। चेन्नई में 915.50 रुपए है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 19 किग्रा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 100 रुपए से अधिक बढ़ाए हैं। इसके बाद दिल्ली में 19 किग्रा के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बुधवार से 100.50 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़ी है। दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत अब बढ़कर 2101 रुपए पहुंच गई है। दिल्ली में 31 अक्टूबर 2021 को 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1734 रुपए थी जो 1 नवंबर को बढ़कर 2000.50 रुपए हो गई थी। यह 266.50 रुपए की बढ़ोतरी थी। 1 दिसंबर को फिर इसमें फिर 100 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। अब दिल्ली में इस सिलेंडर को रिफिल कराने के लिए 2101 रुपए खर्च करने होंगे। कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद बाहर खाना-पीना महंगा हो सकता है। इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में भी पेट्रोलियम कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी की थी। 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1 सितंबर को 43 रुपए और 1 अक्टूबर को 75 रुपए बढ़ाए गए थे। कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 101 रुपए बढ़कर 2,174.5 रुपए हो गई है जो पहले 2073.5 रुपए थी। इसी तरह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कमर्शियल गैस की 2,051 रुपए हो गई है। इससे पहले शहर में कमर्शियल सिलेंडर 1,950 रुपए में मिल रहा था। मुंबई में इसकी कीमत में 101 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। वहीं चेन्नई में 19 किग्रा कमर्शियल गैस सिलेंडर का भाव 2,234.50 रुपए हो गया। पहले कीमत 2,133 रुपए थी।

# नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.31 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने के साथ ही जीएसटी राजस्व संग्रह में भी तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष नवंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 131526 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जुलाई 2017 में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लागू होने के बाद नवंबर में संग्रहित जीएसटी राजस्व इस वर्ष अप्रैल के संग्रहित 1.40 लाख करोड़ रुपए के राजस्व के बाद दूसरा सबसे अधिक मासिक राजस्व है। अक्टूबर 2021 में 130127 करोड़ रुपए का जीएसटी राजस्व जमा हुआ था और नंवबर ऐसा लगातार दूसरा महीना रहा जबकि जीएसटी राजस्व संग्रह 1.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष सितंबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.17 लाख करोड़ रुपए रहा था। नवंबर 2021 में संग्रहित राशि पिछले वर्ष इसी महीने में संग्रहित राजस्व 104963 करोड़ रुपए से 25 फीसदी अधिक है। कोरोना की दूसरी लहर की वजह से लगाए गए कठोर लॉकडाउन के कारण इस वर्ष जून में जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख करोड़ रुपए से कम रहा था। इससे पहले लगातार नौ महीनों तक यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा था। अब फिर जुलाई, अगस्त , सितंबर और अक्टूबर के साथ ही नवंबर में भी यह एक लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इस वर्ष नवंबर में कुल जीएसटी राजस्व संग्रह 131526 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सीजीएसटी 23978 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 31127 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 66815 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर 9606 करोड़ रुपए रहा है। आईजीएसटी में आयात पर जीएसटी 32165 करोड़ रुपए और क्षतिपूर्ति उपकर में आयात पर जीएसटी 653 करोड़ रुपए शामिल है। सरकार ने सीजीएसटी में 27273 करोड़ रुपए और एसजीएसटी में 22665 करोड़ रुपए दिया है। इस नियमित वितरण के बाद अक्टूबर में सीजीएसटी 51251 करोड़ रुपए और एसजीएसटी 53782 करोड़ रुपए रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस वर्ष अक्टूबर में जीएसटी राजस्व में हुई बढोतरी आयात पर संग्रहित राजस्व में वृद्धि के कारण अधिक रही है।

## कंपनियां खेतों में जाकर खरीदेंगी उत्पाद

**फरीदाबाद (एजेंसी)।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने और उन्हें व्यापार एवं बाजार के प्रति आके र्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यह बात हाल ही में कृषि क्षेत्र निवेशकों एवं किसान उत्पादक संगठनों के बीच समझौता हस्ताक्षर समारोह में कही। मुख्यमंत्री ने कहा एफपीओ को मजबूत बनाने के उद्देश्य से ये कंपनियां प्रदेश के एफपीओ को सीधे तौर पर बाजार से जोड़ेंगी। उन्हें अपने उत्पाद मंडी व अन्य स्थानों पर बेचने की आवश्यकता नहीं होगी। ये कंपनियां सीधे खेत से फल, सब्जियां व शहद आदि की खरीद करेंगी, ताकि किसान उत्पादक संगठनों को अधिक मजबूती प्रदान की जा सके, जिसके तहत एफपीओ को भी अपनी फसलों का उचित मूल्य मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए ये सुनहरा कार्यक्रम है, जिसमें किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के जरिए सीधे लाभ देने के लिए 29 समझौते किए गए हैं। इनमें चौ. चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार से जुड़ा हुआ एमओयू भी शामिल है, जिसके तहत कृषि विद्यार्थी इंटर्नशिप कर सकेंगे।

ऐसे कदम केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार करने में कारगर भूमिका निभाएंगे। उन्होंने फूड प्रोसेसिंग में आगे आने वाली कंपनियों का आभार जताते हुए कहा कि अब खरीदारों को भी लाभ मिलेगा और बाजार में कीमतें भी कम होंगी।

# नवंबर में 15 प्रतिशत घटी TVS मोटर की बिक्री

**(एजेंसी)।**

टीवीएस मोटर कंपनी की नवंबर 2021 में कुल बिक्री 15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,72,693 इकाई रही। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। चेन्नई की कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने पिछले साल इसी महीने में 3,22,709 इकाइयां बेची थीं। पिछले महीने उसकी दोपहिया वाहनों की कुल बिक्री 2,57,863 इकाई रही, जो नवंबर 2020 में 3,11,519 इकाई थी। इस तरह इसमें 17 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। नवंबर 2021 में कंपनी की घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री 1,75,940 इकाई रही, जो पिछले साल के इसी महीने में 2,47,789 इकाई थी। इस तरह इसमें 29 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। नवंबर 2021 में कंपनी के मोटरसाइकिलों की बिक्री 1,40,097 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,33,531 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि नवंबर 2020 में 1,06,196 इकाइयों की तुलना में नवंबर 2021 में स्कूटर की बिक्री 75,022 इकाई रही। पिछले महीने उसके तिपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 11,190 इकाई से 33 प्रतिशत बढ़कर 14,830 इकाई हो गयी। टीवीएस मोटर ने कहा कि उसका निर्यात पिछले महीने 30 प्रतिशत बढ़कर 96,000 इकाई हो गया, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 74,074 इकाई था। नवंबर 2021 में कंपनी का दोपहिया वाहनों का निर्यात 29 प्रतिशत बढ़कर 81,923 इकाई हो गया, जो पिछले साल इसी महीने में 63,730 इकाई था।

## नए कोविड दिशानिर्देशों के बाद अंतरराष्ट्रीय उड़ान परिचालन जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली हवाईअड्डे से नए कोविड दिशानिर्देशों के लागू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए उड़ान परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है और कुल 1,013 यात्रियों ने आरटी-पीसीआर जांच समेत अपने आगमन की औपचारिकताएं पूरी की हैं। कोविड के नए स्वरूप ओमीक्रोन के उभार पर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय यात्रियों, विशेष रूप से जोखिम वाले देशों से आने वालों के लिए सख्त दिशा-निर्देश मंगलवार आधी रात से लागू हो गए।

दिल्ली हवाई अड्डे ने ट्वीट कर कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्धारित नए दिशानिर्देशों के लागू होने के बाद अंतरराष्ट्रीय आगमन उड़ान परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है। जोखिम वाले देशों से आईं चार उड़ानों के कुल 1,013 यात्रियों ने आरटी-पीसीआर जांच समेत आगमन की सारी औपचारिकताएं सफलतापूर्वक पूरी कीं। बयान में कहा गया कि 792 यात्रियों ने रैपिड पीसीआर जांच कराने का फैसला किया और 221 यात्रियों ने आरटी-पीसीआर जांच का विकल्प चुना। हवाई अड्डे के एक अधिकारी के अनुसार तीन उड़ानें लंदन से आई थीं और एक एम्स्टर्डम से आई थी। नए दिशानिर्देशों के तहत जोखिम वाले' देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच अनिवार्य हैं और उन्हें जांच के परिणाम आने के बाद ही हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति होगी। साथ ही दूसरे देशों से उड़ानों में आने वाले यात्रियों में से पांच प्रतिशत की जांच की जाएगी। हालांकि भारत में अब तक ओमीक्रोन का कोई मामला सामने नहीं आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 'जोखिम वाले' देशों से आने वाले यात्रियों के लिए आरटी-पीसीआर जांच सुनिश्चित करने को कहा है।

## इंग्लैंड टीम में बेन स्टोक्स के रहने से होगा बहुत बड़ा फायदा : पूर्व कोच बेलिस

**बेलिसहोबार्ट।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कोच ट्रेवर बेलिस ने बुधवार को कहा है कि एशेज सीरीज के लिए ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की वापसी से जो रूट की अगुवाई वाली टीम को बहुत बड़ा फायदा है।8 दिसंबर से गाबा में शुरुआती एशेज टेस्ट से पहले बेलिस ने कहा कि वह अच्छी तरह से जानते थे कि ऑलराउंडर के अनुपस्थिति से टीम क्या महसूस कर रही थी। बिग बैश लीग (बीबीएल) की ओर से सिडनी थंडर के कोच बेलिस ने बुधवार को एक न्यूज वेबसाइट को बताया, वह टीम के लिए बहुत एहमियत रखते है। यह सिर्फ उनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण की बात नहीं है। बेलिस ने कहा कि स्टोक्स की उपस्थिति से टीम का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने आगे कहा, वह उन खिलाड़ियों में से एक है जो टीम को संभालने का काम करते है। उनका हमेशा सकारात्मक प्रभाव रहता, लेकिन पिछले कुछ महीनों से चोट के कारण नहीं खेले हैं और मुझे लगता है कि उनके न होने से टीम ने नुकसान महसूस किया है।

# बीसीसीआई को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए सरकार की अनुमति का है इंतजार

**मुम्बई (एजेंसी)।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अभी तक दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए केन्द्र सरकार से मंजूरी नहीं मिली है। इसी कारण टीम का चयन भी नहीं हो पा रहा है। भारतीय टीम को 8 दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना होना है। वहीं कोविड -19 वायरस के नये संस्करण ओमिक्रॉन वेरिएंट के उभरने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 'जोखिम वाले देश' के रूप में रखा गया है। इसी कारण इस दौरे को लेकर भारत सरकार से अनुमति जरुरी है। जब तक सरकार की ओर से हरी झंडी नहीं मिलती टीम रवाना नहीं होगी। अब अगर सरकार से मंजूरी मिल जाती है, तो चयनकर्ता मुंबई में दूसरे टेस्ट के दौरान मिलेंगे। अभी कुछ दिन पहले ही केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे को हरी झंडी देने से पहले बीसीसीआई को भारत सरकार से अनुमति लेनी चाहिए। उन्होंने कहा था, ऐसे समय में हर बोर्ड चाहे वह बीसीसीआई हो या कोई और, भारत सरकार से अनुमति लेनी चाहिए। बीसीसीआई के आवेदन मिलने पर ही सरकार कोई फैसला करेगी। वहीं बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और अन्य अधिकारियों को अब भी भरोसा है कि दौरा तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। गांगुली ने मंगलवार को कहा कि भारत का दौरा तय समय पर है और वे नए कोविड-19 वेरिएंट के आने के बाद स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, दौरा जारी है, क्योंकि चीजें अब तक स्थिर हैं। हमारे पास अभी भी फैसला करने का समय है। पहला टेस्ट 17 दिसंबर से होना है। हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य हमेशा से बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता रही है। इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। हम देखेंगे कि आने वाले दिनों में क्या होता है। भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर तीन टेस्ट मैच, तीन वनडे मैच और चार टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है

## आईएसआईएस से मिल रही धमकियों पर बोले गौतम गंभीर- मुझे किसी का डर नहीं

**(एजेंसी)।**

भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी और मौजूदा सांसद गौतम गंभीर देश के विभिन्न मुद्दों पर अपनी बेबाकी से राय रखते हैं। यहां तक कि कश्मीर मुद्दे पर भी गंभीर बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी बात सबके सामने रखते हैं। उनके इस बेबाकी वाले बयान के कारण अब उन्हें लगातार आईएसआईएस से धमकियां मिल रही हैं। गंभीर को एक ईमेल में धमकी मिली है कि दिल्ली पुलिस भी उन्हें बचा नहीं पाएगी। गौतम गंभीर को ईमेल भेजी गई है उसमें लिखा है कि दिल्ली पुलिस भी तुम्हारी जान नहीं बचा पाएगी। ईमेल में आगे लिखा है कि आईपीएस अधिकारी श्वेता भी हमारा कुछ बिगाड़ नहीं पाएंगी। क्योंकि हमारे जासूस पुलिस में भी मौजूद हैं जो हमें हर जानकारी देते हैं। हमें तुम्हें मारना चाहते थे पर तुम बच गए। अगर तुम्हें अपने परिवार की हिफाजत चाहते हो तो राजनीति और कश्मीर के मुद्दे से दूर रहो। अब इन धमकियों का गौतम गंभीर ने जवाब दिया है। गंभीर ने कहा कि मुझे किसी का डर नहीं है। इंटेलिजेंस ब्यरो जांच कर रही है। लेकिन मैं खुद अपना काम करने से नहीं रोक सकता और मैं इस तरह के इवेंट्स में भाग लेता रहूंगा। मेरा मुख्य ध्यान अब इस आयोजन की सफलता पर है। गौर हो कि गौतम गंभीर ने भारत के लिए 58 टेस्ट, 147 वनडे और 37 टी20 मैच खेलें हैं जिसमें उन्होंने क्रमश : 4154, 5238 और 932 रन बनाए हैं। गौतम गंभीर ने 2007 के टी20 विश्वकप फाइनल में 75 रन और 2011 के वनडे विश्वकप फाइनल में 97 रन की पारी खेली थी और टीम को विश्वकप जीताने में बहुमूल्य योगदान दिया था। गंभीर ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच 2016 में खेला था।

## जूनियर हॉकी विश्व कप : स्पेन को हराकर छह बार की चैम्पियन जर्मनी सेमीफाइनल में पहुंची

**भुवनेश्वर ।** छह बार की चैम्पियन जर्मनी ने शूटआउट में स्पेन को 3.1 से हराकर एफआईएच जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। निर्धारित समय तक स्कोर 2.2 से बराबरी पर था। जर्मनी ने पांचवें मिनट में क्रिस्टोफर कुटेर के पेनल्टी स्ट्रोक पर किए गए गोल की मदद से बढ़त बना ली। इसके छह मिनट बाद ही हालांकि स्पेन के इग्नासियो अबाजो ने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया। अगले दो क्वार्टर में कोई गोल नहीं हो सका। स्पेन ने 59वें मिनट में एडुअर्ड डे इग्नासियो सिमो के गोल की मदद से बढ़त बना ली। आखिरी सीटी बजने पर जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर मासी फांट ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया। शूटआउट में जर्मनी के लिए पॉल स्मिथ, माइकल स्ट्रथोफ और हानेस म्यूलेर ने गोल दागे जबकि मातेओ पोजारिच चूक गए। वहींस्पेन के अगाजो, गुइलेरमो फोर्चूनो और सिमो गोल चूक गए जबकि गेरार्ड क्लापेस ने गोल किया। जूनियर विश्व कप के इतिहास की सबसे सफल टीम जर्मनी ने छह बार खिताब जीता है। उसने आखिरी बार 2013 में दिल्ली में खिताब जीता था और 2016 में लखनऊ में कांस्य पदक अपने नाम किया था।

# सिंधु और श्रीकांत बीडब्ल्यूएफ ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

**बाली (एजेंसी)।**

भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया में आज से शुरू हुए बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल 2021 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। सिंधु और श्रीकांत में जीत के साथ शुरुआत की। सिंधु ने जहां महिला एकल के अपने पहले ग्रुप चरण मैच में डेनमार्क की लिन क्रिस्टोफरसन को 21-14, 21-16 से हराया। वहीं श्रीकांत ने पुरुष एकल के ग्रुप बी के अपने पहले मैच में फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव को 21-14, 21-16 से पराजित किया। श्रीकांत का मुकाबला अब गुरुवार को कुनलावुत विटिडसर्न से होगा, जबकि सिंधु यवोन ली से खेलेंगी। वहीं भारत की ही अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी महिला युगल ग्रुप बी के अपने पहले मैच में ही हार गयी। जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू शिदा ने पोनप्पा ओर सिक्की को 21-14, 21-18 से हराया। अब इस भारतीय जोड़ी को गुरुवार को होने वाले मुकाबले में बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफनी स्टोएवा से खेलना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन को हराकर जर्मनी 14 साल में पहली बार डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचा

**इंसब्रक ।** जर्मनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ब्रिटेन को डेविस कप क्वार्टर फाइनल में हराकर चौदह वर्ष बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। जर्मनी के केविन क्रावीज और टिम पुट्ज ने निर्णायक युगल मुकाबले में ब्रिटेन के जो सालिस्बरी और नील स्कुपस्की को 7.6, 7.6 से हराया। इससे पहले डेनियल इवांस ने पीटर जी को 6.2, 6.1 से हराकर ब्रिटेन को बढ़त दिला दी थी। इसके बाद हालांकि जान लेनार्ड स्ट्रफ ने कैमरन नॉरी को 7.6, 3.6, 6.2 से हराकर जर्मनी को बराबरी दिलाई। जर्मनी ने तीन बार डेविस कप जीता है लेकिन आखिरी बार 1993 में खिताब अपने नाम किया था। पिछले 14 साल में पहला सेमीफाइनल खेल रही जर्मनी टीम की टक्कर स्वीडन या रूस से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में क्रोएशिया का सामना सर्बिया या कजाखस्तान से होगा। आस्ट्रिया में लॉकडाउन के कारण डेविस कप टेनिस दर्शकों के बिना खेला जा रहा है।

### आईएसएल : एससी ईस्ट बंगाल के कोच बोले, टीम में अच्छे खिलाड़ियों की कमी

**वास्को (गोवा)।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के तीन मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद एससी ईस्ट बंगाल के कोच मैनुअल डियाज ने निराशा जताते हुए कहा कि उनकी टीम में इस तरह के मैच खेलने के लिए अच्छे खिलाड़ियों की कमी है। कोलकाता के दिग्गजों ने एक और मैच में खराब प्रदर्शन किया, क्योंकि टीम को ओडिशा एफसी से 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे टूर्नामेंट में टीम की परेशानी बढ़ गई। उन्होंने जमशेदपुर एफसी के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी और पिछले सीजन के उपविजेता एटीके मोहन बागान से 3-0 से हार गए थे। डियाज ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, फिलहाल, हमारे पास इस तरह के मैच खेलने के लिए अच्छे खिलाड़ियों की कमी है, जिसके कारण अंक तालिका में नीचे जा रहे हैं। हमारा काम टीम को बेहतर बनाना है। ओडिशा एफसी के खिलाफ हार के बारे में बताते हुए डियाज ने कहा कि पहले 30 मिनट अच्छा खेलने के बाद, हमने मैच को हाथ से जाने दिया। डियाज ने कहा, इंडियन सुपर लीग के तीन मैचों में यह हमारा सबसे खराब प्रदर्शन रहा, क्योंकि हमने आखिरी के बारह मिनट में अपना ध्यान खो दिया और इस दौरान विरोधी टीम ने सेट पीस में गोल दागकर मैच को अपने नाम कर लिया।

# प्रो कबड्डी लीग का आठवां सीजन बेंगलुरु में 22 दिसंबर से होगा शुरू

**बेंगलुरु (एजेंसी)।**

प्रो कबड्डी लीग के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की है कि आठवें सीजन की शुरुआत 22 दिसंबर से की जाएगी। साथ ही, आयोजकों ने यह भी कहा कि सीजन के सभी मैच बिना दर्शकों के ही खेले जाएंगे। लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने बताया, पहले चार दिनों तक ट्रिपल हेडर का आयोजन किया जाएगा। सीजन का शुरुआती मुकाबला यू मुंबा के साथ बेंगलुरु बुल्स से होगा। दूसरा मैच सदर्न डर्बी और तेलुगु टाइटन्स के बीच होगा, जबकि तीसरा मैच यूपी योद्धा और गत चैंपियन बंगाल वॉरियर्स के बीच खेला जाएगा। ट्रिपल-हेडर मैच टूर्नामेंट के दौरान केवल शनिवार को खेले जाएंगे, जो कि शाम 7:30 बजे, रात 8:30 बजे और रात 9:30 बजे शुरू होंगे। आयोजकों का कहना है कि आठवें सीजन के पहले हाफ का शेड्यूल आ गया है, जबकि दूसरे हाफ का शेड्यूल अगले साल जनवरी के मध्य में आएगा। कोरोना महामारी के बीच खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आयोजकों ने शेरेटन ग्रैंड बेंगलुरु व्हाइटफील्ड होटल एंड कन्वेंशन सेंटर को पूरी तरह से सुरक्षित बायो-बबल में बदल दिया है।

अधिकारियों द्वारा निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए सभी 12 टीमें एक ही स्थान पर रहेंगी।

## भारत और न्यूजीलैंड : दोनों टीमों की तैयारियों में पड़ा खलल, धुला प्रैक्टिस सेशन

**मुंबई (एजेंसी)।**

भारत और न्यूजीलैंड को बारिश के कारण यहां वानखेड़े स्टेडियम पर बुधवार को अपना अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा। वानखेड़े स्टेडियम की पिच कवर कर दी गई है क्योंकि यहां बुधवार सुबह ही से बारिश हो रही है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि टीम इंडिया का अभ्यास सत्र बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। गौर हो कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच कानपुर के मैदान में खेला गया पहला टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया था। यह मैच आखिरी दिन तक चला था जहां भारत को आखिरी दिन जीत के लिए 9 विकेट चाहिए थे। पर न्यूजीलैंड के खिलाड़ी रचिन रविंद्र ने आखिरी विकेट के लिए एजाज पटेल के साथ साझेदारी की। दोनों भारतीय गेंदबाजों को विकेट नहीं दी और मैच को बचा लिया। इस मैच के ड्रॉ होने से आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप में भारतीय टीम को नुकसान पहुंचा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच ड्रॉ होने से भारतीय टीम टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। इसलिए भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट मैच जीतना जरूरी होगा।

## इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की रिकॉर्ड जीत, विश्व कप क्वालीफायर में लाटविया को 20-0 से हराया

**डोनकास्टर :**

इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी जीत दर्ज करते हुए विश्व कप क्वालीफायर में लाटविया को 20.0 से हराया। इंग्लैंड के लिये दस अलग अलग खिलाड़ियों ने गोल किये और चार ने हैट्रिक जमाई। एलेन व्हाइट ने भी तीन गोल किये जिनके अब 48 अंतरराष्ट्रीय गोल हो गए हैं और वह इंग्लैंड के लिये सर्वाधिक गोल करने वाली महिला फुटबॉलर बन गई । इससे पहले इंग्लैंड की सबसे बड़ी जीत 2005 में हंगरी के खिलाफ 13.0 से थी। अन्य मुकाबलों में आयरलैंड ने जॉर्जिया को 11.0 से और स्पेन ने स्कॉटलैंड को तथा आस्ट्रिया ने लक्जेमबर्ग को 8.0 से हराया।

# पांचवें एशेज टेस्ट की मेजबानी कर सकता है एमसीजी

**मेलबर्न (एजेंसी).**

एशेज सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 14 जनवरी को पर्थ में होना है, लेकिन सख्त क्वोरंटीन नियम और नए कोविड वेरिएंट के आ जाने से यहां मैच होने की संभावना बेहद कम हो गई है। इसे लेकर विक्टोरिया के खेल मंत्री मार्टिन पाकुला ने कहा है कि अगर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने चाहा तो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पांचवें टेस्ट की भी मेजबानी कर सकता है। एमसीजी 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट (तीसरा टेस्ट) की मेजबानी करेगा, लेकिन अब क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता के लिए अंतिम टेस्ट की मेजबानी करने के लिए भी उत्सुक है। सख्त कोरोना प्रोटोकॉल के कारण अंतिम एशेज टेस्ट की मेजबानी के लिए पर्थ के दरवाजे लगभग बंद कर दिए हैं, क्योंकि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के प्रीमियर मार्क मैकगोवन ने कहा है कि नए कोविड-19 वेरिएंट आने के कारण सख्त सीमा प्रतिबंध लागू रहेंगे और खिलाड़ियों को मैच खेलने के लिए 14 दिनों तक क्वारंटीन में रहना होगा। उन्होंने क्रिकेटरों की पत्नियों और प्रेमिकाओं के पांचवें टेस्ट में आने पर भी रोक लगा दी है। टेस्ट 14 जनवरी से 60 हजार की क्षमता वाले ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाना है। पाकुला ने ऑस्ट्रेलिया के एक न्यूज वेबसाइट को बताया, विक्टोरियन सरकार ने निश्चित रूप से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को स्पष्ट कर दिया है कि अगर पर्थ में टेस्ट नहीं हो पाता है तो हम न केवल तीसरे टेस्ट की मेजबानी के लिए तैयार होंगे बल्कि पांचवें टेस्ट की मेजबानी के लिए बहुत उत्सुक होंगे।

## दिल्ली कैपिटल्स द्वारा रिटेन किए जाने पर अक्षर, शॉ और नॉर्टजे ने जताई खुशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी अक्षर पटेल, पृथ्वी शॉ और एनरिक नॉर्टजे ने अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने पर खुशी जताई है। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर के सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को बताया था है कि बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर, सलामी बल्लेबाज शॉ और तेज गेंदबाज नॉर्टजे के साथ-साथ विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को 2022 आईपीएल सीजन से पहले बरकरार रखा गया है। इस पर अक्षर ने कहा, दिल्ली कैपिटल्स के साथ मेरा सफर बहुत खास रहा है। मुझ पर इतना भरोसा और विश्वास दिखाने के लिए मैं डीसी परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं आगामी सीजन में खेलने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। शॉ ने कहा, 2018 से फ्रेंचाइजी के साथ मेरा एक अद्भुत सफर रहा है और उन्होंने मेरे हर उतार-चढ़ाव में समर्थन किया है, जिसके लिए मैं आभारी हूं। विश्वास दिखाने के लिए धन्यवाद। नॉर्टजे ने कहा, दिल्ली के साथ मेरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मैंने टीम के सभी खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखा है। टीम का माहौल भी पिछले दो सीजन से शानदार रहा है। मैं फिर टीम की ओर से खेलने के लिए उत्साहित हूं।

# गर्भवती महिलाओं के लिए योग होता है फायदेमंद

आम तौर पर गर्भवती महिलाओं को योग न करने की नसीहतें दी जाती हैं, जबकि उनके लिए यह बेहद फायदेमंद होता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। इन बदलावों की वजह से उन्हें कई बार परेशानी भी उठानी पड़ती है। ऐसे में इन समस्याओं से छुटकारा पाने में योग आपकी मदद कर सकता हैं।

**ताड़ासन-**

गर्भवती महिलाओं के लिए ताड़ासन काफी फायदेमंद है। यह रीढ़ की हड्डी को मजबूती बनाने के साथ-साथ बैक पेन से भी राहत दिलाता है। इस आसन को शुरुआती 6 महीने तक करना ही फायदेमंद होता है।

**शवासन-**

शवासन करने से गर्भवती महिलाओं को तनाव से मुक्ति मिलती है। इस आसन को करने से गर्भवती महिला के गर्भ में पल रहे शिशु के विकास में फायदा होता है। गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से श्वासन करना चाहिए।

**वीरभद्रासन-**

वीरभद्र आसन को वॉरियर पोज भी कहते हैं। इसे करने से हाथों, कंधो ,जांघो एवं कमर की मांसपेशियों को मजबूती मिलती है। यदि किसी गर्भवती महिला को उच्च रक्तचाप की शिकायत है तो वह इस आसन को न करे।

**मार्जरी आसन-**

यह आसन कैट पोज के नाम से भी प्रचलित है। इसे करने से रीढ़ में ताकत और शरीर में लचीलापन आएगा। इससे बेहतर रक्त का संचार बना रहता है और पाचन क्रिया में भी सुधार आता है।

**कोणासन-**

रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने में कोणासन भी बेहतर है। रक्त संचार बढ़ता है। इसे नियमित करने से गर्भवती महिला के शरीर के हिस्से स्वस्थ रहते हैं और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। यही नहीं गर्भावस्था के दौरान कब्ज से भी राहत मिलती है।

# होंठों पर ज्यादा न लगायें लिप बाम

**सर्दियों** में आम तौर पर महिलाएं होंठों को नर्म और मुलायम बनाए रखने के लिए बार-बार लिप बाम लगाती हैं पर क्या आप जानती हैं कि होंठों की खूबसूरती बढ़ाने वाले लिप बाम असल में होंठों को बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

- बार-बार लिप बाम लगाने से होंठ और भी खराब हो जाते हैं। लिप बाम में खुश्बू के लिए जिन रसायनों का इस्तेमाल किया जाता है दरअसल, उससे भी होंठों को नुकसान पहुंचता है।
- लिप बाम यदि मेंथॉल युक्त है तो उससे और भी अधिक नुकसान होगा। नियमित रूप से लिप बाम लगाने वाले लोगों में होंठ फटने की समस्या और अधिक पाई जाती है।
- एक अध्ययन में यह बात भी कही गई है कि लिप बाम में हालांकि एडिक्शन वाला कोई तत्व नहीं होता, पर इसे बार-बार लगाने से इसकी आदत जरूर पड़ जाती है।
- कई मामलों में लिप बाम से एलर्जी होता भी देखा गया है। दरअसल, खुशबू के लिए लिप बाम में जो केमिकल इस्तेमाल किए जाते हैं, उसकी वजह से होंठों पर एलर्जी हो सकती है.

# इस तरह नजर आयेंगी स्लिम

सभी महिलाएं हमेशा ही आकर्षक और खूबसूरत नजर आना चाहती हैं पर इसके लिए सही प्रकार के परिधान पहनना भी जरुरी है। खूबसूरत बढ़ाने में हमारे कपड़े अहम भी भूमिका निभाते हैं। हमारे कपड़े और उन्हें पहनने का तरीका काफी हद तक हमारे प्रभाव को बना भी सकता है और बिगाड़ भी सकता है। इसके अलावा हमारे कपड़े हमें मोटा या पतला दिखाने का भी काम करते हैं।अगर आपको भी लगता है कि आपका मोटापा आपकी लुक को खराब कर रहा है, तो आप अपने कपड़े पहनने के अंदाज में कुछ बदलाव कर के स्लिम और आकर्षक दिख सकती हैं।

- सही पोस्चर में बैठने और चलने से आप ज्यादा स्लिम और आत्मविश्वास से भरी नजर आयेंगी।
- परफेक्ट फिटिंग वाले कपड़े ही पहनें। ध्यान रखें कि आपने जो कपड़े पहने हैं, वो ना ज्यादा ढीले होने चाहिए और ना ज्यादा टाइट होने चाहिए। परफेक्ट फिटिंग के कपड़े पहनने से आपकी बॉडी को सपोर्ट तो मिलता ही है साथ ही आप स्लिम भी दिखती हैं.
- गहरे रंग के कपड़े पहनने की कोशिश करें। आप चाहें तो ब्लैक, ग्रे, पर्पल, ब्राउन रंग के कपड़े पहन सकती हैं। ऐसे रंग के कपड़े पहनने पर आप स्लिम दिखेंगी। इसके अलावा सिर्फ एक रंग के कपड़े पहनकर भी पतली दिख सकती हैं।
- अट्रैक्टिव और स्लिम लुक पाने के लिए जरूरी है कि आप सही साइज के कपड़े पहनें। अपने साइज से ज्यादा बड़े या छोटे कपड़े पहनने से आप मोटी दिख सकती हैं। इसलिए कपड़े खरीदते समय साइज का जरूर ध्यान रखें।
- बहुत बड़े-बड़े प्रिंट वाली ड्रेस पहनने से शरीर ज्यादा बेडौल नजर आता है। इसलिए कोशिश करें कि आपकी ड्रेस बहुत बड़े प्रिंट वाली न हो।

# सर्दियों में रखें ये सावधानियां



सर्दी के दिनों में आप सुंदरता का विशेष ख्याल रखने के लिए कई सावधानियां भी रखती हैं लेकिन कहीं यह सावधानियां ही आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ न दे इस बात का भी आपको ध्यान रखना होगा। स्वास्थ्य के लिहाज से रखी जाने वाली अतिरिक्त सावधानि यां ही कभी-कभी आपके लिए समस्या बन सकती है।

सर्दी के मौसम में अगर आप पूरा दिन और पूरी रात अपने पैरों और हाथों को ढंककर रखते हैं, तो ऐसा करना आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ सकता है। इससे शरीर में आवश्यकता से अधिक गर्मी पैदा हो सकती है, जिससे आपको मितली या अन्य परेशानियां हो सकती है।

इस मौसम में प्यास अधिक नहीं लगती लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि आप बिलकुल भी पानी न पिएं। शरीर में तरलता बनाए रखने और आंतरिक अंगों के सही क्रियान्वयन के लिए पानी पीना जरूरी है। इसके अलावा पाचन के लिए भी पानी जरूरी है।

सर्दियों में सभी को गर्मागर्म हलवा, पराठे, मीठी या मसालेदार जैसी चीजें खाना पसंद आती हैं, लेकिन रोज-रोज ऐसी चीजों का सेवन करना आपके वजन को बढ़ा सकता है साथ ही शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकता है, जो आपके लिए घातक होगा। इन दिनों में आपको स्वास्थ्य के साथ-साथ त्वचा की भी देखभाल करनी होती है। रूखेपन से बचाने के लिए अगर आप बार-बार त्वचा पर तेल या क्रीम लगा रही हैं, तो यह धूल, मिट्टी और कीटाणुओं को अपनी ओर खींचकर आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।सर्दी के दिनों में अगर आप आइसक्रीम खाने की शौकीन हैं तो इसे छोड़ दें क्योंकि इसे गला खराब हो सकता है।

**गुनगुने पानी से बाल धोयें**

- सर्दियों में गरम पानी से बालों को धोने से कई लाभ होते हैं। इससे आपके बाद मुलायम औ खूबसूरत नजर आते हैं।
- इसका कारण यह है कि गुनगुने पानी से बाल धोने पर स्कैल्प के डैंड्रफ से बंद हुए पोर्स खुल जाते हैं। खुले पोर्स की वजह से ऑयलिंग करते वक्त आपके बालों में तेल के सभी विटामिन स्कैप्ल को मिलते हैं, जिससे वो मज़बूत और बढ़ते हैं। वहीं ठंडा पानी बालों के नैचुरल ऑयल को अलग नहीं होने देता इससे स्कैप्ल हाइड्रेट बनी रहती है। इसके अलावा ठंडे पानी से पोर्स भी बंद रहते हैं, जिससे बाहर की गंदगी और एक्सेस ऑयल को स्कैप्ल के अंदर नहीं जाती। खुले पोर्स में बालों की जड़ों में बाहर का प्रदूषण, धूल-मिट्टी जाने का खतरा ज़्यादा बना रहता है।

**परफेक्ट बालों के लिए ऐसे धोएं बालों को :**

- सबसे पहले हल्के गुनगुने पानी से बालों को धोने की शुरूआत करें। शैम्पू के साथ स्कैप्ल की अच्छे से मसाज करें और स्कैप्ल पर जमी गंदगी और एक्सेस ऑयल को खत्म करें।
- इसके बाद शैम्पू को हल्के गुनगुने पानी से ही बालों से निकालें और फिर कंडीशनर लगाएं।
- अंत में पांच मिनट बाद कंडीशनर को ठंडे पानी से निकालें। अब होंगे रेशमी बाल।

# सर्दी में धूप सेकने से आप रहेंगी सेहतमंद

**सर्दी** के मौसम में अगर आप अपनी फिटनेस के प्रति सजग रहती हैं तो आपको धूप में भी बैठना चाहिये क्योंकि सर्दी के कारण हो रही कई बीमारियों से आपको राहत मिलेगी। धूप सेंकने से केवल विटामिन डी ही नहीं मिलता, बल्कि इससे सेहत को कई तरह के अन्य लाभ भी होते हैं। दिल के रोगियों के लिए भी यह बेहद लाभप्रद होता है। इसके अलावा तकरीबन सभी बीमारियों में धूप सेंकने से लाभ मिलता है।

- यह तो सभी जानते हैं कि धूप सेंकने से शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन डी मिलता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही धूप सेंकने से जोड़ों का दर्द और सर्दी से होने वाले बदन दर्द से भी राहत मिलती हैं।
- धूप सेंकने से हमारे शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन पैदा होता है। इस हार्मोन के होने से अच्छी और सुकून की नींद आती है। साथ ही इससे मानसिक तनाव भी कम होता है। धूप से हमारे दिमाग में ताजगी और खुशी का रसायन भी तेज होता है और अवसाद जैसी बीमारियां ठीक होती हैं।

**वजन नियंत्रण में रहेगा**

- धूप में बेठने से शरीर में कोलेस्ट्रोल घटने लगता है, जो वजन कम करने में मददगार साबित होता है।
- अगर शरीर में किसी तरह का फंगल इंफेक्शन हो जाए तो धूप में जरूर बैठें क्योंकि धूप में बैठने से बैक्टीरियल इंफेक्शन खत्म हो जाता है। इसलिए धूप
- स्किन की समस्याओं से राहत दिलानें में बहुत ही कारगार साबित होती है।

- सूरज की किरणें पीलिया जैसी गंभीर बीमारी को ठीक करने की क्षमता रखती हैं। इसलिए पीलिया के मरीजों को धूप में जरूर बैठना चाहिए।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सार समाचार

### स्पर्म से धरती में बढ़ रहा प्रदूषण हो जाएगा खत्म, बनाई जाएगी Eco-Friendly प्लास्टिक

**नई दिल्ली।** धरती पर जीवों की उत्पत्ति स्पर्म और अंडे के मिक्षण से हुई है। इंसान की उत्पत्ति भी ऐसे ही मिक्षण से हुई है और बेहद अच्छी जिंदगी जी रहे इंसान अपने स्वार्थ में ऐसी कई चीजों का निर्माण कर चुका है जिससे समुद्र और पर्यावरण में बहुत ज्यादा असर पड़ रहा है। इंसान ने प्लास्टिक का निर्माण किया जिसके इस्तेमाल से धरती का काफी नुकसान होता जा रहा है। इस प्लास्टिक से प्रदूषण का स्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी को देखते हुए साइंसटिस्ट ने स्पर्म के जरिए धरती को बचाने का तरीका खोज निकाला है। एक ख़बर के मुताबिक, स्पर्म से धरती में बढ़ रहा प्लास्टिक का प्रदूषण खत्म हो सकता हैं। हैरानी की बात यह है कि, जिस जिव के स्पर्म से यह प्रदूषण खत्म होगा वह धरती से विलुप्त होते जा रहे है। इसकी खोज चीन के वैज्ञानिकों ने की है और इनके मुताबिक साफ पानी में मिलने वाली सैल्मन मछली के स्पर्म से एक ऐसी चीज बनाई गई है जो प्लास्टिक की जगह ले सकती है। यह बिल्कुल प्लास्टिक की तरह मजबूत , लचीली होगी। बता दें कि यह बायोडिग्रेडेबल होगा जिससे प्लास्टिक की तरह गलने में समय नहीं लेगा। यह जल्दी से गलने वाली होगी और इससे धरती को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। प्लास्टिक में जैसा रसायन होता है यह सैल्मन मछली के स्पर्म से तैयार की गई वाली चीज में नहीं होगा।

### अमेरिका के हाईस्कूल में 15 वर्षीय छात्र ने की अंधाधुंध गोलीबारी, तीन की मौत, आठ जख्मी

**ऑक्सफोर्ड टाउनशिप (अमेरिका)।** अमेरिका स्थित मिशिगन के हाईस्कूल में 15 वर्षीय छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी की जिसमें तीन छात्रों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओकलैंड काउंटी के अंडरशेरिफ (कानून प्रवर्तन अधिकारी) माइक मैककैबे ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि उन्हें नहीं पता कि ऑक्सफोर्ड टाउनशिप के ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल में गोलीबारी करने वाले हमलावर की मंशा क्या थी। लगभग 22 हजार की आबादी वाला यह कस्बा डेट्रायट से करीब 30 मील की दूर पर स्थित है। उन्होंने बताया कि आपात फोन नंबर 911 पर स्कूल में हमलावर की सूचना मिलने पर पुलिस दोपहर बाद 12 बजकर 55 मिनट पर मौके पर पहुंची। मैककैबे ने बताया कि अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके पास से अर्द्ध स्वचालित बंदूक मिली है। हालांकि, हमलावर की तत्काल पहचान जाहिर नहीं की गई है।

### पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी बोले- पारिवारिक कारोबार के लिए देश का गवर्नर हाउस का इस्तेमाल करना गलत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने मंगलवार को कहा कि अपने पारिवारिक कारोबार के वास्ते एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए कराची में 'गवर्नर हाउस' का चयन करना एक गलत फैसला था। सोशल मीडिया पर इसके लिए अल्वी की आलोचना हो रही है। एक तस्वीर वायरल हुई है जिसमें पेशे से दंत चिकित्सक अल्वी, उनकी पत्नी सायमा अल्वी उस दौरान मौजूद हैं जब 'अल्वी डेंटल अस्पताल' और एक अमेरिकी कंपनी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हो रहे हैं। इस समौझते पर सोमवार को उनके बेटे अवाब अल्वी हस्ताक्षर कर रहे हैं और यह समारोह कराची में स्थित सिंध के गवर्नर हाउस में हो रहा था। इसका मकसद लोगों को किफायती दर पर दंत देखभाल मुहैया कराना है। गौरतलब है कि यह तस्वीर उनके बेटे ने ही सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी और राष्ट्रपति ने उन्हें मुबारकबाद भी दी थी लेकिन राजनीतिक नेताओं और सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद आरिफ अल्वी ने कहा , 'पारिवारिक कारोबार के वास्ते एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए गवर्नर हाउस का चयन करना एक गलत फैसला था।

### ओमीक्रोन: ब्राजील में दो मामले, लातिन अमेरिका में भी सामने आया एक मामला

साओ पाउलो। ब्राजील में पहली बार कोरोना वायरस संक्रमण के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के मामले सामने आए हैं, दक्षिण अफ्रीका से लौटे दो यात्रियों में संक्रमण की पुष्टि हुई हैं। वहीं, लातिन अमेरिका में भी 'ओमीक्रोन' का पहला मामला सामने आया है। साओ पाउलो के स्वास्थ्य सचिवालय ने बताया कि 41 वर्षीय व्यक्ति और 37 वर्षीय महिला संक्रमित पाई गई और वे पृथक-वास में हैं। उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण थे और 25 नवंबर को उनकी जांच की गई थी। लातिन अमेरिका में केविड-19 वैश्विक महामारी का प्रकोप पहले ही काफी रहा है, जबकि ब्राजील में संक्रमण से छह लाख से अधिक लोगों की मौत हुई है। ब्राजील में विदेश से आने वाले यात्रियों को कोविड-19 रोधी टीके लगे होना अनिवार्य नहीं है। इससे पहले, मंगलवार को जापान और फ्रांस में भी 'ओमीक्रोन' के मामले सामने आ गए थे। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के इस नए स्वरूप को लेकर आगाह करने से पहले ही यूरोप में इसके फैलने की आशंका है। पिछले बुधवार, 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को इस नए स्वरूप के सामने आने की जानकारी दी थी। कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' के बारे में अब तक अधिक जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। हालांकि, कुछ स्वास्थ्य अधिकारियों को वायरस के संक्रमण से लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने और टीकों के इसके खिलाफ कारगर ना होने को लेकर भी संदेह है।

# जी-20 सम्मेलन में चला मोदी का जादू, दुनिया मे बजा भारत का डंका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

जी-20 समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अलग ही अंदाज में नजर आए। सम्मेलन में दुनिया भर से कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि आये हैं। दुनिया भर के नेता पीएम मोदी से मिलना चाहता है। सम्मेलन में दुनिया के ज्यादतर ताकतवर देशों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किस तरह के रिश्ते हैं इसकी बानगी भी सम्मेलन में दिखी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री के कंधे पर मित्रवत हाथ रखा वहीं फ्रांस के प्रेसिडेंट इमैनुएल मैक्रों पीएम मोदी के गले मीले। रिश्तों की गर्मजोशी पीएम नरेंद्र मोदी के ट्वीट में भी दिखी पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, ÷रोम में अपने दोस्त, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने और दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ाने के इर्द-गिर्द रही।÷

**पोप फ्रांसिस ने मोदी के निमंत्रण किया स्वीकार**

प्रधानमंत्री मोदी वैटिकन में पोप फ्रांसिस से भी मिले और उनको भारत आने का निमंत्रण भी दिया। पीएम मोदी के न्योते को पोप ने स्वीकार कर लिया है। पोप जल्द ही भारत आएंगे।

**मोदी ने कोरोना के खिलाफ जंग में दिया वन अर्थ-वन हेल्थ का मंत्र**

जी-20 के सत्र में बोलते हुए पीएम मोदी ने कोरोना महामारी के खिलाफ भारत की लड़ाई पर भी चर्चा की। पीएम मोदी ने महामारी से जंग के लिए वन अर्थ-वन हेल्थ का मंत्र भी दिया। पीएम मोदी ने त्र-20 देशों को भारत के आर्थिक सुधार और सप्लाई चेन डायवर्सिफिकेशन में अपना भागीदार बनाने के लिए आमंत्रित किया।उन्होंने इस तथ्य को भी सामने रखा कि महामारी की चुनौतियों के बावजूद, भारत विश्वसनीय सप्लाई चेन के संदर्भ में एक विश्वसनीय भागीदार बना रहा।

### स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं मेगदालेना एंडरसन, मंत्रिमंडल में शामिल नामों की घोषणा की

**कोपनहेगन।** स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री मेगदालेना एंडरसन ने मंगलवार को स्टॉकहोम के शाही महल में पद की शपथ ली। साथ ही अपने मंत्रिमंडल में शामिल नामों की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री बनने से पहले देश की वित्त मंत्री रहीं एंडरसन ने माइकल डैमबर्ग को वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है। पूर्व में डैमबर्ग गृह मंत्री रह चुके हैं। ऐन लिंडे को विदेश मंत्री जबकि पीटर हल्टक्विस्ट को रक्षा मंत्री बनाया गया है। सोशल डेमोक्रेट पार्टी की नेता एंडरसन को प्रधानमंत्री चुने जाने के कुछ घंटों बाद ही संसद में बजट प्रस्ताव गिरने परपिछले सप्ताह पद से इस्तीफादेना पड़ा था। सोमवार को एक बार फिर से उन्हें सरकार का प्रमुख चुन लिया गया था। एंडरसन सप्ताह भर के भीतर एक बार फिर प्रधानमंत्री बनीं। हालांकि, उन्होंने एक पार्टी की अल्पमत वाली सरकार बनायी है। पिछले सप्ताह बुधवार को स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री चुनी गईं एंडरसन इस पद पर केवल सात घंटे ही रह सकीं थीं और उनके सहयोगी दल 'ग्रीन्स' ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था।

# ब्रिटेन में 'ओमीक्रोन' के मामलों की संख्या 22 हुई, सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य

**लंदन। (एजेंसी)।**

स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में नए मामले सामने आने के बाद ब्रिटेन में कोरोना वायरस के नए स्वरूप से जुड़े मामलों की संख्या अब 22 हो गई है और इससे उत्पन्न चिंता के चलते मंगलवार से देश में सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि आज से प्रभावी होने जा रहे उपाय सही हैं और इनके माध्यम से नए स्वरूप से निपटने की तैयारियों के लिए समय मिलेगा। उन्होंने कहा, ÷हम जो कुछ भी जानते हैं, उसके आधार पर, हमारे टीके और बूस्टर हमारी रक्षा की सबसे अच्छी पंक्ति बने हुए हैं, इसलिए यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि जब लोगों का नंबर आए तो वे बूस्टर खुराक लगवाने के लिए आगे आएं। आज के कदम न केवल नए स्वरूप के प्रसार को धीमा करने बल्कि ये एक-दूसरे की रक्षा करने में भी हमारी मदद करेंगे।÷ मंगलवार से लागू हुए उपायों के तहत किसी तरह की छूट मिलने तक लोगों को दुकानों, बैंक, डाकघरों, सार्वजनिक परिवहन और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अनिवार्य रूप से मास्क पहनना होगा तथा यह एक कानूनी आवश्यकता होगी। कदमों के तहत सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को आगमन के बाद दूसरे दिन के अंत तक पीसीआर परीक्षण कराना होगा और निगेटिव रिपोर्ट आने तक उन्हें स्व-पृथक-वास में रहना होगा। इसके अलावा, 'ओमीक्रोन' के संदिग्ध मामलों से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में आए सभी लोगों को स्व-पृथक-वास में रहना होगा चाहे उनकी उम्र या टीकाकरण की स्थिति कुछ भी हो। इन लोगों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) परीक्षण और खोज प्रणाली विभाग द्वारा संपर्क किया जाएगा। डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ये उपाय अस्थायी और एहतियाती हैं तथा तीन सप्ताह में इनकी समीक्षा की जाएगी। सोमवार को, टीकाकरण संबंधी संयुक्त समिति ने बूस्टर खुराक कार्यक्रम को 18-39 वर्ष के सभी लोगों के लिए विस्तारित करने की सलाह दी और दूसरी खुराक एवं बूस्टर खुराक के बीच के अंतर को घटाकर तीन महीने कर दिया गया। बारह से 15 वर्ष तक की आयु के सभी लोगों को अब फाइजर/बायोएनटेक के कोविड रोधी की दूसरी खुराक लेने की सलाह दी गई है जो पहली खुराक के 12 सप्ताह बाद लेनी होगी। तीन प्राथमिक खुराक ले चुके गंभीर रूप से कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों को अब चौथी बूस्टर खुराक देने की सलाह दी गई है। 'ओमीक्रोन' की सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पहचान की गई थी जिसके बाद ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, लेसोथो, इस्वातिनी, जम्बिब्वे, नामीबिया, मलावी, मोज़ाम्बिक, जाम्बिया और अंगोला को यात्रा प्रतिबंधों की सूची में शामिल कर लिया था।

### कनाडा ने 'ओमीक्रोन' स्वरूप को लेकर आशंकाओं के बीच तीन और देशों पर प्रतिबंध लगाया

**टोरंटो (कनाडा)। (एजेंसी)।** कनाडा ने कोरोना वायरस के नए स्वरूप 'ओमीक्रोन' को लेकर चिंताओं के बीच तीन और देशों के नागरिकों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। कनाडा उन सभी विदेशी नागरिकों पर प्रतिबंध लगा रहा है, जिन्होंने नाइजीरिया, मलावी और मिस्र में हाल ही में यात्रा की थी। कनाडा ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के सात देशों से आने वाले लोगों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। कनाडा की मुख्य जन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. थेरेसा टैम ने बताया कि कनाडा में 'ओमीक्रोन' के सभी मामले नाइजीरिया से आए हैं, जहां टीकाकरण की दर कम है।

स्वास्थ्य मंत्री जीन यवेस डुक्लोस ने बताया कि अमेरिका के अलावा देश में विमान से आने वाले सभी यात्रियों को हवाई अड्डा पहुंचने पर कोविड-19 संबंधी जांच करानी होगी और जांच के नतीजे आने तक उन्हें पृथक-वास में रहना होगा। ओंटारियो प्रांत में रविवार को 'ओमीक्रोन' का पहला मामला आया और क्यूबेक में सोमवार को इसका पहला मामला आया था। ब्रिटिश कोलंबिया और अल्बर्टा प्रांतों में भी इसके पहले मामलों की पुष्टि हुई है, इन संक्रमितों ने नाइजीरिया की यात्रा की थी। अल्बर्टा की मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीना हिनशॉ ने बताया कि अल्बर्टा में संक्रमित पाया गया व्यक्ति नीदरलैंड से होकर गुजरा था और उसमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं हैं। स्वास्थ्य मंत्री डुक्लोस ने बताया कि कनाडा के बाहर के यात्रियों को अब भी प्रस्थान से पूर्व कोविड-19 संबंधी जांच कराने की आवश्यकता है, जिसके लिए भुगतान यात्रियों को करना होगा। कनाडा सरकार, अमेरिका से कनाडा आने वाले हवाई यात्रियों के आगमन पर जांच के खर्च का भुगतान करेगी। टैम ने कहा कि नाइजीरिया और मिस्र से लोगों के आने के बाद कोविड-19 के मामले बढ़े हैं।

### दक्षिण अफ्रीका में कोरोना का कहर, दो मंत्री हुए कोविड पॉजिटिव

**जोहानिसबर्ग। (एजेंसी।**

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के कैबिनेट में दो वरिष्ठ मंत्री कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद पृथक-वास में हैं। देश में संक्रमितों की संख्या सोमवार को 2,273 थी जो मंगलवार को बढ़कर 4373 हो गई है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामले सामने आने के बीच सामाजिक विकास मंत्री लिनडीव जुलु भी संक्रमित पाई गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वायरस के इस स्वरूप को ''चिंताजनक'' बताया है।

मंत्री के कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''मंत्री तत्काल पृथक-वास में चली गई हैं और घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं। वह घर से ही बिना किसी व्यवधान के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हैं। जुलु ने कहा, ''यह सब गले में खराश के साथ शुरू हुआ और मुझे संक्रमण का संदेह नहीं था, लेकिन जब यह बना रहा तो मैंने कल कोविड-19 जांच कराई और आज सुबह जांच के नतीजे आ गए। मैं अच्छा महसूस कर रही हूं और मैं इसका श्रेय इस तथ्य को दे सकती हूं कि वायरस पर टीके का असर दिखा।'' गृह मंत्री आरोन मोत्सोलेडी भी संक्रमित पाए गए हैं और वह भी पृथक-वास में हैं।

मंत्री मोंडली गुंगुबेले ने एक बयान में कहा कि गृह मंत्री का स्वास्थ्य बेहतर है और वह पृथक-वास में हैं। जुलु ने टीका नहीं लगवाने वाले लोगों से दक्षिण अफ्रीका में तीन से पांच दिसंबर तक चलने वाले वूमा टीकाकरण सप्ताहांत अभियान का लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा, ''जैसा कि राष्ट्रपति रामफोसा ने जोर दे कर कहा है, टीकाकरण हमारे पास सबसे शक्तिशाली 'टूल' है और चौथी लहर के आने से पहले टीके की खुराक लेने में अब भी देर नहीं हुई है।'' वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के बाद अधिकारियों को टीकाकरण अभियान में भीड़ जुटने की संभावना है और उम्मीद है कि ओमीक्रोन को लेकर पिछले कुछ हफ्तों से मीडिया में प्रचार बढ़ने के बाद टीका लेने से झिझक रहे लोग टीके की खुराक ले सकते हैं।

# अमेरिका खिलाफ पर भारत और रूस आए इस मुद्दे पर चीन के साथ, ग्लोबल टाइम्स ने बांधे मोदी सरकार के तारीफों के पुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत-चीन तनावपूर्ण संबंधों के बीच 2022 में बीजिंग में होने वाले शीतकालीन ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में भारत ने समर्थन किया है। भारत की तरफ से विंटर ओलंपिक में चीन की मेजबानी का समर्थन किया है। जिसके बाद चीन के सरकारी भोंपू ग्लोबल टाइम्स ने अपने लेख में भारत के समर्थन की खुलकर तारीफ की है। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा है कि चीन से टेंशन के बावजूद भारत के समर्थन ने कई देशों को हैरान किया है। भले ही दोनों देशों के बीच बॉर्डर पर टेंशन है लेकिन द्विपक्षीय संबंध तनावपूर्ण नहीं हैं। ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि भारत का व्यवहार इस बात का प्रतीक है कि वो अपनी मजबूत कूटनीतिक और रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार रखे हुए हैं। अमेरिका के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के बावजूज ऐसा नहीं है कि भारत सभी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मुद्दों में अमेरिका के प्रति ही झुकाव रखता है।

गौरतलब है कि चीन अगले साल होने वाले शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक्स की मेजबानी करने वाला है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवरोफ और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ आभाषी बैठक में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ओलंपिक और पैरालंपिक्स खेलों के आयोजन में चीन का समर्थन किया है। इसको लेकर चीन काफी गदगद हो उठा है।

**अमेरिका करेगा राजनयिक बहिष्कार**

अमेरिका चीन के बीजिंग शहर में होने वाले ओलंपिक के राजनयिक बहिष्कार पर विचार कर रहा है। इससे पहले यूरोपियन संसद में बीजिंग ओलंपिक के बहिष्कार का ऐलान किया जा चुका है वहीं दूसरी तरफ कई खिलाड़ी भी मुखर होकर इसके बहिष्कार को लेकर आवाज उठा चुके हैं। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के जल्द ही अपने देश के अधिकारियों को खेलों में नहीं भेजने की सिफारिश को मंजूरी देनी की उम्मीद है। बता दें कि व्हाइट हाउस की तरफ से आमतौर पर ओलंपिक के उद्घाटन और समापन समारोह में एक प्रतिनिधिमंडल भेजता है। अमेरिका में शीर्ष सासंदों द्वारा राजनयिक बहिष्कार के आह्वान की गई है।

**भारत को अपने पाले में करने की कोशिश में लगा चीन**

कुछ दिन पहले रूस, भारत और चीन की मीटिंग हुई थी। जिसके बाद एक लेख लिखा गया जिसमें रूस के एंबेसडर जो अमेरिका में हैं और चीन के एंबेसडर दोनों के द्वारा मिलकर लिखा गया। जिसमें उन्होंने लिखा कि ये डेमोक्रेटिक मीटिंग होने वाली है उससे विश्व में विभाजन फैलेगा। ग्लोबल टाइम्स में भारत, रूस और चीन तीनों को मिलाकर कहां गया कि इन तीनों देशों का डेवलपमेंट और डेमोक्रेसी का मॉडल है। उसमें संकेत ऐसे दिए गए कि भारत को अमेरिका के साथ अलायंस नहीं करना चाहिए। रूस और चीन ये बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत अभी भी हमारे साथ है। बता दें कि भारत उन 100 से अधिक देशों में शामिल है, जिन्हें 9-10 दिसंबर को होने वाले वर्चुअल समिट के लिए आमंत्रित किया गया है। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि अमेरिका ने ताइवान को 'समिट फॉर डेमोक्रेसी' के लिए आमंत्रित किया है। हालांकि, रूस-चीन आमंत्रितों की सूची में नहीं हैं।

# गणतंत्र बना बारबाडोस, 400 साल बाद ब्रिटिश शासन से हुआ मुक्त, सांद्रा मसोन बनीं पहली राष्ट्रपति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

कैरेबियाई देश बारबाडोस अब ब्रिटिश शासन से मुक्त हो गया है। अब वह नया गणतंत्र देश बन गया है। सोमवार की देर रात ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अपने राष्ट्र के प्रमुख के रूप में त्याग दिया और खुद को एक नया गणतंत्र घोषित किया। हालांकि, बारबाडोस अब भी 54 कॉमनवेल्थ देशों में गिना जाएगा लेकिन यहां ब्रिटेन की महारानी का शासन नहीं होगा। गणतंत्र मिलने के साथ ही बारबाडोस की जनता आधी रात को सड़कों पर आ गई और आजादी का जश्न मनाने लगी। देश में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई। सांद्रा मसोन को देश की पहली राष्ट्रपति बनाया गया। बारबाडोस के एक गणतंत्र में तब्दील होने के अवसर पर आयोजित समारोह की शुरुआत सोमवार देर रात में हुई जिसमें ब्रिटेन के राजकुमार चार्ल्स सहित कई नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

वर्तमान में देखें तो ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 15 देशों के राष्ट्राध्यक्ष इनमें यूनाइटेड किंगडम के अलावा ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जमैका जैसे देश शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर बारबाडोस ने महारानी को राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाकर एक नई शुरुआत की है। बारबाडोस ने खुद को गुलामी के दर्दनाक यातनाओं और जंजीरों से आजाद कर एक नए गणतंत्र के रूप में स्थापित करने का नया संकल्प लिया है। उसके इस संकल्प की सबसे बड़ी ताकत वहां की जनता है जो खुद के लिए नया रास्ता बनाने को उत्साहित है। आजादी के ऐलान के बाद देश अपने परंपरागत नृत्य और संगीत में डूब गया। लोगों में जबरदस्त तरीके का उत्साह था। लोग एक दूसरे को बधाई संदेश देने लगे। गणराज्य बनने के साथ ही राजधानी हीरोज स्क्वायर पर राष्ट्रगान बजाया गया और 21 तोपों की सलामी दी गई।

इस समारोह का आयोजन उस लोकप्रिय चौक पर हुआ जहां पिछले साल एक ब्रिटिश लॉर्ड की प्रतिमा हटायी गई थी। इस अवसर पर रात में जमकर आतिशबाजी की गई। पूरे द्वीप में स्क्रीन लगाई गई थी ताकि लोग उस घटना को देख सकें जिसमें कई कलाकारों के साथ एक ऑर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इसे ऑनलाइन भी प्रसारित किया गया, जिससे अमेरिका, कनाडा और उसके बाहर रहने वाले बोरबाडोस के नागरिकों ने उत्साह में संदेश पोस्ट किये। एक दर्शक ने लिखा, ''सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।'' गणतंत्र बनने का अभियान दो दशक से भी अधिक समय पहले शुरू हुआ था और इसका समापन द्वीप की संसद द्वारा पिछले महीने दो-तिहाई बहुमत से अपना पहला राष्ट्रपति चुने जाने के साथ हुआ।

### हैजा से 180 से ज्यादा लोग संक्रमित, कैमरून में 8 मौतें

**याउंडे।** कैमरून के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के दो जिलों में फैली हैजा की महामारी में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है और 180 से अधिक लोग संक्रमित हो गए हैं। एमएसएफ मेडिकल कोऑर्डिनेटर डोनाटियन शिशिंबी ने मंगलवार को एमएसएफ द्वारा जारी एक बयान में कहा एकोंडो टिटि हेल्थ डिस्ट्रिक्ट ने हैजा के 160 से अधिक मामलों की सूचना दी है, जिसमें 62 मरीज हैजा के उपचार इकाई में अस्पताल में भर्ती हैं। 15 रोगियों का इलाज ओरल रिहाइड्रेशन पॉइंट पर किया गया है और 5 मौतें दर्ज की गई हैं। बकासी स्वास्थ्य जिले में भी तीन के साथ 29 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए हैं। स्थिति विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि इसका मतलब है कि समुदाय में हैजा फैल गया है। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें कहा गया है कि आबादी हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों की चपेट में है। अंतरराष्ट्रीय मेडिकल चैरिटी ने हैजा के दो उपचार केंद्र स्थापित किए हैं और आबादी को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा है। नवंबर की शुरुआत में, क्षेत्र में देश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी थी कि कोविड-19 मामलों में वृद्धि के साथ क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हैजा फैल रहा था।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# देहरादून दौरे पर 18,000 करोड़ रुपये की लागत विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने वाले पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिसंबर को देहरादून का दौरा कर करीब 18,000 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने वाले है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने इसकी जानकारी दी। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री दौरे का मुख्य जोर सड़क अवसंरचना विकास की परियोजनाओं को सुदृढ़ करना है, जिससे आवागमन सुगम और सुरक्षित हो सके तथा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। देहरादून में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा सहित 11 विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने वाले है। यह गलियारा 8300 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होना है। पीएमओ ने कहा कि गलियारे के बनने से दिल्ली से देहरादून जाने के समय में काफी कमी आएगी।वर्तमान में दिल्ली से देहरादून जाने में छह घंटे लगते हैं,तब गलियारा बन जाने के बाद इसमें 2.5 घंटे का समय लगेगा। पीएमओ ने कहा कि ऋषिकेश स्थित लक्ष्मण झूला के निकट गंगा नदी पर एक पुल का निर्माण किया जाएगा। लक्ष्मण झूला का निर्माण 1929 में हुआ था लेकिन क्षमता वहन में कमी आने की वजह से उस बंद कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री देहरादून में बच्चों के अनुकूल शहर में सड़कों को विकसित करने की परियोजना के अलावा जलापूर्ति व निकासी संबंधी अन्य योजनाओं की आधारशिला

रखने वाले है। पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री बद्रीनाथ धाम और गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में पर्यटन की दृष्टि से अवसंरचना विकास की परियोजनाओं के अलावा हरिद्वार में 500 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एक नए चिकित्सा महाविद्यालय की आधारशिला रखने वाले है।

# अरविंद केजरीवाल सरकार ने घटाया वेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

उत्तर और हरियाणा के एनसीआर के शहरों की तरह राजधानी दिल्ली में भी पेट्रोल और डीजल सस्ता होने जा रहा है। दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार ने बुधवार सुबह कैबिनेट की बैठक में पेट्रोल और डीजल पर वस्तु और सेवाकर कम करने का निर्णय लिया है। इसके बाद दिल्ली में पेट्रोल 8 रुपये प्रति लीटर तक सस्ता हो सकता है। दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल की कीमत 103.97 रुपये और डीजल की कीमत 86.67 रुपये प्रति लीटर है। ऐसे में वैट घटने के बाद दिल्ली में पेट्रोल 95.97 रुपये प्रति लीटर तक आ जाएगा। पिछले कई महीनों के बाद ऐसा पहली बार हुई है जब दिल्ली में पेट्रोल की कीमत प्रति लीटर 100 रुपये से नीचे आई है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 95.97 रुपये प्रति लीटर होगी। वहीं, बुधवार को दिल्ली में डीजल का दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर है, जो बृहस्पतिवार को 78.67 पैसे हो जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक, अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पेट्रोल पर वैट 30 प्रतिशत से घटाकर 19.40 प्रतिशत किया गया है। ऐसे में पेट्रोल की कीमत 8 रुपये प्रति लीटर कम हो जाएगा। नई कीमतें बुधवार आधी रात से लागू होंगीं। दरअसल, दिल्ली से सटे हरियाणा और उत्तर प्रदेश के शहरों में वैट कम होने के चलते पेट्रोल और डीजल की कीमत में प्रति लीटर 5 रुपये से भी अधिक अंतर आ चुका था, जो अब 1 रुपये के आसपास है। ऐसे में दिल्ली की जनता का भी पेट्रोल और डीजल पर से वैट घटाने का दबाव था। ऐसे में बुधवार को कैबिनेट की बैठक के बाद दिल्ली सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर से वैट घटाया है, इसके बाद पेट्रोल 8 रुपये तक सस्ता हो जाएगा। बता दें पिछले महीने ही पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने मकसद से केंद्र सरकार ने शुल्क में कटौती की घोषणा की थी। इसके बाद हरियाणा, यूपी और राजस्थान समेत तमाम राज्यों ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम कर दिया था, लेकिन दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने अभी तक पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कोई कटौती नहीं की थी। इस पर बुधवार को निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि दिल्ली पेट्रोल-डीजल डीलर्स एसोसिएशन ने भी पिछले महीने अरविंद केजरीवाल से पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की मांग की थी। इसके लिए बाकायद पत्र भी लिखा था और कहा था कि इससे दिल्ली के डीलरों को खासा नुकसान हो रहा है।

## रंग ला रहा आतंक पर ऐक्शन कश्मीर में हमले घटे और घुसपैठ में भी बड़ी गिरावट

**जम्मू (एजेंसी)।**

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ चलाए जा रहे व्यापक अभियान का असर दिखने लगा है और अब न सिर्फ आतंकी हमलों में गिरावट आई है बल्कि घुसपैठ के मामले भी घटे हैं। सरकार ने बुधवार को संसद में इसकी जानकारी दी है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में सरकार ने बताया है कि इस साल अब तक घुसपैठ के सिर्फ 28 ही मामले दर्ज किए गए हैं, जो कि बीते सालों की तुलना में काफी कम हैं। गृह मंत्रालय के जवाब के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में साल 2018 में घुसपैठ के कुल 143 मामले दर्ज किए थे, जबकि इस साल नवंबर महीने तक यह आंकड़ा सिर्फ 28 तक सिमटा हुआ है। गृह मंत्रालय के जवाब के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में साल 2018 में घुसपैठ के कुल 143 मामले दर्ज किए थे, जबकि इस साल नवंबर महीने तक यह आंकड़ा सिर्फ 28 तक सिमटा हुआ है।

## पंजाब पुलिस का कर्मचारी के पास से भारी मात्रा में हेरोइन और रिवाल्वर बरामद

**मोगा ।** मोगा पुलिस द्वारा नशें का कारोबार करने वालों को काबू करने के लिए चलाई मुहिम के अंतर्गत सी.आई.ए. स्टाफ बाघापुराना ने पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी को पकड़कर उससे भारी मात्रा में हेरोइन और रिवाल्वर बरामद की है। इस संबंधी जानकारी देकर जिला पुलिस प्रमुख सुरिंदरजीत सिंह ने बताया कि जब सी.आई.ए. स्टाफ बाघापुराना के मुख्य अफसर इंस्पेक्टर तरलोचन सिंह पुलिस पार्टी सहित इलाके में गश्त करते हुए डगरू रेलवे फाटक के पास जा रहे थे। उन्हें जानकारी मिली कि पंजाब पुलिस में तैनात कर्मचारी विकास निवासी गांव खिलची पुराना (फिरोजपुर) पिछले दो साल से थाना कुलगढ़ी (फिरोजपुर) में तैनात है वह हेरोइन समगलिंग का धंधा करता आ रहा है। आज भी वह फिरोजपुर से मोगा की तरफ अपनी कार में हेरोइन स्पलाई करने आ रहा है। पुलिस पार्टी ने नाकाबंदी दौरान कथित आरोपी विकास को उसकी कार सहित रोका। तलाशी लेने पर उससे 100 ग्राम हेरोइन और एक 32 बोर लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद हुई है। उसे पुलिस पार्टी ने तुरंत हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ थाना सदर मोगा में एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर आज अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसका 2 दिन का पुलिस रिमांड दिया है।

# देश में 547 दिन बाद एक लाख से कम हुए कोरोना के उपचाराधीन मामले

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारत में कोविड-19 के 8,954 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कोरोना वायरस के कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,45,96,776 हो गई। वहीं देश में 547 दिन बाद कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बुधवार को एक लाख से कम हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 267 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 4,69,247 हो गई। देश में लगातार 54 दिन से कोविड-19 के दैनिक मामले 20 हजार से कम हैं और 156 दिन से 50 हजार से कम दैनिक मामले सामने आ रहे हैं। मंत्रालय ने बताया उपचाराधीन मरीजों की संख्या 99,023 है, जो कुल मामलों का 0.29 फीसदी है और यह मार्च, 2020 के बाद से सबसे कम है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ होने की दर 98.36 फीसदी है, जो कि मार्च, 2020 के बाद से सबसे ज्यादा है। पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 1,520 की कमी आई है। देश में

पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितंबर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवंबर को 90 लाख के पार चले गए थे। देश में 19 दिसंबर को ये मामले एक करोड़ के पार, इस साल चार मई को दो करोड़ के पार और 23 जून को तीन करोड़ के पार चले गए थे।

# ममता बनर्जी ने तेज किया कांग्रेस मुक्त विपक्ष का अभियान बताया भाजपा को हराने का प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी लगातार देश भर में दौरे कर रही हैं और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों से मुलाकात कर एक अलग ही मोर्चा बनाने की तैयारी में हैं। इस बीच उन्होंने मुंबई में सिविल सोसायटी के सदस्यों से बात करते हुए भाजपा को 2024 के आम चुनाव में हराने का भी प्लान बताया। ममता बनर्जी ने कहा, 'यदि सभी क्षेत्रीय दल एक साथ आते हैं तो फिर भाजपा को हराना आसान होगा।' इस तरह उन्होंने साफ संकेत दिया कि आने वाले दिनों में उनका कुछ और क्षेत्रीय दलों को जोड़ने का प्लान होगा। ममता बनर्जी ने मंगलवार को ही एनसीपी के चीफ शरद पवार और शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे से मुलाकात की थी। ममता बनर्जी इससे पहले गोवा भी गई थीं, जहां उन्होंने पूर्व सीएम लुईजिन्हो फलेरियो समेत कांग्रेस को कई नेताओं को टीएमसी में शामिल कराया है। इसके अलावा हाल ही में दिल्ली दौरे में उन्होंने बिहार कांग्रेस के नेता कीर्ति आजाद और हरियाणा के नेता एवं राहुल गांधी के करीबी अशोक तंवर को भी पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। जेडीयू से पवन वर्मा और भाजपा के पूर्व सीनियर लीडर यशवंत सिन्हा भी अब टीएमसी का हिस्सा हैं। इस तरह तृणमूल कांग्रेस ने लगातार अपने अभियान को आगे बढ़ाया है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस को बीजेपी के खिलाफ कमजोर बताते हुए लगातार हमला बोला है। यहां तक कि ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी भी भाजपा पर खुलकर हमला कर चुके हैं। यही नहीं अपने हालिया दौरे में सोनिया गांधी से मुलाकात न करने को लेकर जब सवाल पूछा तो उन्होंने तंज किया कि क्या यह संविधान में लिखा है कि उनसे हर बार मिलना है। यही नहीं टीएमसी ने ममता बनर्जी को 2024 के चुनाव में विपक्ष के चेहरे के तौर पर पेश करने का फैसला लिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि ममता बनर्जी खुद को पीएम फेस के तौर पर पेश करना चाहती हैं, इसीलिए वह राहुल गांधी और कांग्रेस को भाव देने के मूड में नहीं हैं। इसी रणनीति के तहत वह देश भर में उन राज्यों में घूम रही हैं, जहां कांग्रेस का संगठन कमजोर है या फिर वह भाजपा के मुकाबले खड़े होने की स्थिति में नहीं है।

# भारी बारिश के कारण तिरुमाला घाट रोड पर दोबारा हुआ भूस्खलन

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

तिरुमाला घाट रोड पर भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित हो गया है। भूस्खलन के कारण घाट रोड को बंद करना पड़ा है। प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर की ओर जाने वाली सड़क भूस्खलन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है। इस करण वेंकटेश्वर मंदिर के रास्ते में भक्तों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ा है। मंदिर जा रहे कई वाहन फंस गए हैं। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा वाहनों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। बताया गया कि सड़कों को साफ करने का काम जारी है और जल्द एक वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि तीन स्थानों पर भूस्खलन से सड़क क्षतिग्रस्त होने के बाद तिरुमाला पहाड़ियों के ऊपर प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर की ओर जाने वाली एक घाट सड़क को बुधवार को बंद कर दिया गया। मंगलवार देर रात बड़े-बड़े बोल्डर सड़क पर लुढ़क गए जिससे महत्वपूर्ण लिंक क्षतिग्रस्त हो गया और वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। इसके बाद टीटीडी के अधिकारी हरकत में आए और वाहनों को रोकने शुरू किया। साथ ही मलबे को साफ करने के लिए अर्थ मूवर्स को तैनात किया। अधिकारी नुकसान का जायजा ले रहे है और मरम्मत करने का काम हो रहा है। सड़कों को नुकसान को देखते हुए ऊपर की सड़क पर सभी वाहनों को रोक दिया गया था। विकल्प के तौर पर डाउन घाट रोड से कुछ-कुछ वाहनों को एक साथ जाने दिया जा रहा था। एक महीने से भी कम समय में यह

दूसरी बार है जब घाट रोड पर भूस्खलन हुआ है। भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ है, 11 नवंबर को घाट की सड़कों को बंद कर दिया गया था और 20 नवंबर को ही फिर से खोल दिया गया था। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण घाट सड़कों पर बोल्डर लुढ़क गए थे। प्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर को तिरुपति से जोड़ने वाली सड़कों पर पेड़ भी उखड़कर गिर गए।

# यूपी टीईटी 2021 पेपर लीक केस में पीएनपी संजय उपाध्याय गिरफ्तार, जल्द होगी और कई बड़ी गिरफ्तारी

**लखनऊ (एजेंसी)।**

उत्तरप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2021 पेपर लीक केस में योगी सरकार ने सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) संजय उपाध्याय के निलंबन के बाद उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्हें अहम कार्य में गोपनीयता न बरतने और परीक्षा की शुचिता बरकरार न रख पाने में प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। संजय उपाध्याय को लखनऊ से गिरफ्तार कर नोएडा लाया गया है। इसके पहले यूपी एसटीएफ ने प्रश्नपत्र छापने वाली एजेंसी के निदेशक राय अनूप प्रसाद को दिल्ले ली से गिरफ्तार किया था। एजेंसी को प्रश्न पत्र छापने का वर्क आर्डर संजय उपाध्याय ने जारी किया था। उत्तरप्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 28 नवंबर को आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर लीक हो गया था, जिसके कारण परीक्षा रदद कर दी गई थी। इसमें 21.65 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होने वाले थे। इस पूरे प्रकरण को राज्य सरकार ने काफी गंभीरता से लेकर इसके लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इंटरनेट मीडिया पर पेपर लीक करने सहित साल्वर गिरोह के करीब तीन दर्जन आरोपितों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। पीएनपी सचिव संजय उपाध्याय के बाद अब जल्द ही मामले में कुछ और बड़ों की गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। यूपी के एडीजी ला एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने बताया कि टीईटी पेपर लीक केस में शुरुआत में ही स्पष्ट कर दिया गया था कि सख्त एक्शन होगा। कोई भी दोषी बख्शा नहीं जाएगा। प्रशांत कुमार के अनुसार पूछताछ के बाद जांच अधिकारी और यूपी एसटीएफ की टीम ने पीएनपी सचिव संजय उपाध्याय गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश होने के बाद पुलिस उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा कि पीएनपी सचिव संजय उपाध्याय के खिलाफ पुलिस के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। इसी आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई है। सरकार पहले ही उन्हें निलंबित कर चुकी है।

इसके पहले मंगलवार को यूपीटीईटी प्रश्नपत्र लीक मामले में एसटीएफ नोएडा यूनिट ने दिल्ली में जिस प्रिंटिंग प्रेस में प्रश्न पत्र छपे थे, उसके मालिक राय अनूप प्रसाद को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया था। आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड के डायरेक्टर राय अनूप प्रसाद व कई अन्य के खिलाफ ग्रेटर नोएडा की सूरजपुर कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार टीईटी परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने के लिए कई अलग-अलग जिले के लोगों से आरोपित संपर्क में था। परीक्षा वाले दिन प्रश्न पत्र इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया था। फिनसर्व कंपनी को पेपर छापने का ठेका संजय उपाध्याय ने ही दिया था।




## मथुरा घूमने आए 10 विदेशी निकले कोरोना पॉजिटिव

**मथुरा।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कोरोना के इस स्वरूप ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मथुरा में वृन्दावन के एक आश्रम में आए 10 विदेशी भक्त कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से तीन विदेशी प्रशासन को बिना बताए स्वदेश भी चले गए। अधिकारियों के मुताबिक ये तीन विदेशी नागरिक बिना स्वास्थ्य विभाग अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किए कोविड दिशा निर्देशों को धता बताते हुए रविवार को ही आश्रम से गायब हो गए। कोरोना वायरस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी डॉ. भूदेव प्रसाद सिंह ने बताया कि वृन्दावन में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए विदेशी नागरिकों की संख्या 10 हो गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रचना गुप्ता ने बताया कि वृन्दावन में मिले 10 संक्रमित विदेशी नागरिकों में से तीन स्वदेश चले गए हैं। उन्होंने बताया कि जो विदेशी नागरिक वृन्दावन छोड़ कर चले गए हैं, उनके बारे में नियमानुसार पुलिस को सूचना दे दी गई है। वहीं, कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन को लेकर यूपी में खास एहतियात बरते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को लेकर सभी जिलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों के साथ जूम मीटिंग की। प्रदेश के इन्हीं दो शहरों में अंतरराष्ट्रीय विमानों का आगमन होता है। इन दोनों ही एयरपोर्ट पर जांच और स्क्रीनिंग पर विशेष जोर दिया जाएगा। कोरोना के डेल्टा वेरिएंट से भी खतरनाक बताए जा रहे ओमिक्रोन के संभावित खतरे से निपटने को चौतरफा तैयारी की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों खास तौर से जोखिम की श्रेणी में शामिल किए गए देशों से आने वालों पर विशेष नजर रहेगी।

## भारत में बिजली की खपत नवंबर में 3.6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में बिजली की खपत नवंबर में 3.6 प्रतिशत बढ़कर 100.42 अरब यूनिट (बीयू) हो गई, जो लगातार दूसरे महीने हुई वृद्धि को दर्शाता है। देश में बिजली की खपत इस साल अक्टूबर में 3.9 प्रतिशत बढ़कर 113.40 बीयू हो गई थी, जो पिछले साल इसी महीने में 109.17 बीयू थी। वहीं पिछले साल नवंबर में बिजली की खपत 96.88 बीयू और 2019 में इसी महीने में 93.94 बीयू थी।

## राष्ट्रीय सोशल रजिस्ट्री विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार ने बताया कि उसका अभी 'राष्ट्रीय सोशल रजिस्ट्री विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।सरकार ने कहा कि सरकारी कल्याण कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए एक सटीक पारिवारिक डेटाबेस को महत्वपूर्ण माना जाता है।लोकसभा में वरूण गांधी के प्रश्न के उत्तर में इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में सरकारी कल्याण कार्यक्रम इकाई के रूप में परिवार को लाभ प्रदान करते हैं,इसतरह के कार्यक्रमों को संचालित करने के लिये एक सटीक पारिवारिक डेटाबेस को महत्वपूर्ण माना जाता है। वैष्णव ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार के विभिन्न विभाग सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), आवास, स्वास्थ्य की देखभाल जैसी विशिष्ट योजनाओं के लिए इसतरह के डेटाबेस विकसित कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, ''वर्तमान में सरकार का 'राष्ट्रीय सोशल रजिस्ट्री' विकसित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। वैष्णव ने कहा कि एक इकाई के रूप में परिवार का एक सामान्य डेटाबेस तैयार करने की व्यवहार्यता को समझने के लिये इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जुलाई 2021 में अवधारणा का प्रमाण (पीओसी) शुरू किया है। इसमें डेटा की अखंडता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये पर्याप्त उपाए किये गए हैं।

## बीएसएफ का अधिकार-क्षेत्र बढ़ाने की मुख्य वजह डेमोग्राफिक असंतुलन : सिंह

**नई दिल्ली।** बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को कुछ राज्यों में बढ़ाने के बाद उठे विवाद के बीच सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक पंकज कुमार सिंह ने इसपर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के दायरे को असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बढ़ाने के पीछे डेमोग्राफिक असंतुलन एक बड़ी वजह है। दायरा बढ़ाने संबंधी विवाद के बीच पंकज सिंह ने स्पष्ट किया कि, हम किसी के अधिकार को छीन नहीं रहे हैं और न किसी के काम में कोई दखल देंगे। पंकज कुमार सिंह ने कहा समय के साथ असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर आबादी में बड़ा बदलाव आया है, भले इसकी जो भी वजह रही हो। इस बदलाव के चलते कई बार ऐसे राज्यों में बड़े पैमाने पर विद्रोह और आंदोलन भी हुए हैं। इसके साथ सीमा से सटे पड़ोसी राज्यों के कुछ जिलों में वोट देने के तरीके में भी बदलाव हुआ है। डीजी पंकज सिंह ने स्पष्ट किया कि सरकार की ये सोच थी कि, बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किमी से 50 किमी बढ़ाना घुसपैठियों को पकड़ने में स्थानीय पुलिस की मदद और सहयोग के तौर पर एक बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा यह नया कदम बीएसएफ के साथ-साथ स्थानीय पुलिस के लिए भी मददगार साबित होगा। इससे सीमा पार चल रहे अपराध जैसे ड्रग्स और हथियारों की तस्करी पर लगाम लगेगी। हमने कुछ सीमा से सटे गांवों में एक सर्वे भी किया और पाया कि वहां आबादी में बड़ा बदलाव हुआ है। इसके अलावा डीजी पंकज सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अक्टूबर में दायरा बढ़ाने संबंधी सूचना का भी जिक्र किया। सूचना का जिक्र करते हुए डीजी ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि, बीएसएफ को असम, पश्चिम बंगाल और पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के 50 किमी के रेंज में खोज, जब्त और हिरासत का अधिकार स्थानीय पुलिस के साथ हस्तक्षेप नहीं है। पहले बीएसएफ के लिए ये दायरा 15 किमी था।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)